## विचार बिन्दु

**समय सबसे बड़ा चिकित्सक है, वक्त हर घाव का मरहम है। –कहावत**

# शौर्य-पराक्रम मेवाड़ रत्न महाराणा प्रताप

इतिहास गवाह है कि मुगल सम्राट अकबर के द्वारा दिये गये झूठे आश्वासन, उच्चस्थान, पदाधिकार आदि प्रलोभनों और भय से वशीभूत होकर कई राजपतू राजाओं ने सम्राट अकबर सत्ता के सामने नतमस्तक होकर उनकी अधीनता मंजूर कर ली थी जिससे यह स्थापित हो गया कि अधिकतर राजपूत अपना गौरव खो चुके थे ऐसा प्रतीत होता था कि मानों पूरा राजस्थान ही अपना आत्मगौरव खो कर अकबर की गुलामी स्वीकार कर ली थी। निराशा के ऐसे कठिन समय में मेवाड़ के महाराणा प्रताप का मातृभूमि की रक्षा के लिए राजनैतिक क्षेत्र में प्रवेश हुआ। नि:संदेह अकबर हिन्दुओं के जयचंदों की मदद बल से ही हिन्दू राजाओं को अपने अधीन करता था। तत्कालीन हिंदू राजाओं की कायरता एवं मूर्खता का अकबर ने भरपूर लाभ उठाया। हिन्दू स्वाभिमान को कुचलने के लिए अकबर ने सभी प्रकार के उपाय और लगभग सभी राजपूत राजाओं को अपने आधीन करने में सफल रहा। कई राजपूत राजाओं ने मान-सम्मान को ताक पर रखकर अपनी बेटियों को भी अकबर के दरबार में पहुंचा दिया। यह भारतीय इतिहास का सबसे कलंकित अध्याय है।

किन्तु इसके विपरीत मेवाड़, बूंदी तथा सिरोही वंश के राजा अंत तक अकबर से संघर्ष करते रहे। मेवाड़ के राणा उदयसिंह का स्वतंत्र रहना अकबर के लिए असहनीय था। चूँकि मेवाड़ के राजा उदय सिंह विलासी प्रवृत्ति के थे इसलिए अकबर ने मेवाड़ विजय के लिए भारी भरकम सेना के साथ मेवाड़ पर हमला बोल दिया। दुर्बल उदय सिंह का मनोबल बहुत ही गिरा हुआ था इसलिए वह मैदान छोड़ कर भाग गया। अरावली की पहाड़ियों पर छुप गया। वहीं पर उसने उदयपुर नामक नगर बसाया और राजधानी भी बनायीं। उदय सिंह ने अपनी मृत्यु के पूर्व अपनी कनिष्ठ पत्नी के पुत्र जगमल्ल को अपना उत्तराधिकारी घोषित कर दिया लेकिन उसके अन्य सरदारों ने जगमल्ल के खिलाफ विद्रोह कर दिया और महाराणा प्रताप को अपना राजा घोषित कर दिया। राजा घोषित होते ही प्रताप को विकट परिस्थितियों का सामना करना पड़ा। राणा प्रताप के भाई शक्ति सिंह और जगमाल मुगलों से मिल गये। शत्रुओं का मुकाबला करने के लिए मजबूत सैन्य शक्ति की महती आवश्यकता थी। राणा प्रताप सदैव इसी चिंता में लगे रहते थे कि अपनी मातृभूमि को मुगलों से किस प्रकार मुक्त कराया जाये। परम पवित्र चितौड़ का विनाश उनके लिए बेहद असहनीय था। एक दिन राणा प्रताप ने दरबार लगाकर अपनी ओजस्वी वाणी में सरदारों का स्वतंत्रता की लड़ाई के लिए आव्हान करके उनमें नया जोश भरा तथा युद्ध की प्रेरणा प्रदान दी।

एक बार शीतल भाट उनके दरबार आ पहुंचा और शौर्य तथा वीरता की कविताएं सुनायीं। शीतल भाट की ओजस्वी वीरता का संदेश देने वाली कविता सुनकर महाराणा ने अपनी पगड़ी उतारकर भाट को इनाम में दे दी। राजपूतों के लिए उसकी पगड़ी आन नान धान। महाराणा प्रताप ने अचानक उस पर धावा बोल दिया। अचानक हमले से सभी मुगल सैनिक भाग खड़े हुये। इसी प्रकार महाराणा ने कई अन्य किले भी अपने आधीन कर लिये। बाद में उदयपुर भी राणाप्रताप के कब्जे में आ गया। इस प्रकार महाराणा प्रताप एक के बाद एक किले जीतते चले गये। महाराणा प्रताप की वीरता की बातें सुनकर अकबर शांत रह गया और उसने अपना सारा ध्यान दक्षिण की ओर लगा दिया। लगातार युद्ध करते रहने और संकटों को झेलने के कारण महाराणा का शरीर लगातार कमज़ोर होता जा रहा था। 19 जनवरी 1597 के दिन अंतिम सांस ली। भारतीय इतिहास के पुराण पुरूष महाराण प्रताप सिंह स्वाधीनता की रक्षा करने वाले मेवाड़ के स्वनामधन्य वीरों की मणिमाला मे सुर्कतिमान हैं।

अकबर को महान कहना चाहिए या फिर महाराणा प्रताप को? यह सवाल पिछले कई वर्षो से भारतीयों के मस्तिष्क में एक अनसुलझी पहेली बना हुआ है। यों तो अकबर और प्रताप दोनों अपनी अपनी जगह महान थे। दोनों के कारण भारत को फायदा हुआ। अकबर और प्रताप से हम आज भी बहुत कुछ सीख सकते हैं, बशर्ते हम शांत मन से चिंतन करें कि उस समय हुआ क्या था? अगर आप भारत को एक सूत्र में बांधने के काम को महान मानते हैं तो अकबर द्वारा की गई कोशिशे काबिले तारीफ थी, वहीं अल्प साधनों किन्तु अपनी मातृभूमि की स्वाधीनता और गौरव के लिये अद्भुत वीरता ओर प्राण न्योछावर करने के मजबूत इरादों के साथ आक्रमणकारी का सामना करते हुए आक्रान्ता को पीछे धकेलने का साहस मेवाड़ रत्न राणाप्रताप ने ही किया, इसलिये राणाप्रताप भी महान कहलाने के अधिकारी हैं।

महाराणा प्रताप मेवाड़ की अस्मिता के प्रतीक तो हैं ही उनका नाम देशभक्ति, स्वाभिमान और दृढ प्रण के लिये सम्मान के साथ लिया जाता है। उन्होंने जीवन पर्यन्त मेवाड़ की आजादी एवं अस्मिता के लिए मुगल बादशाह अकबरके साथ साथ निरंतर संघर्ष किया एवं कभी भी अकबर की आधीनता स्वीकार नहीं की। अकबर ने महाराणा प्रताप को समझाने के लिये एवं दिल्ली सल्तनत की अधीनता स्वीकार करने हेतु कई दूतों को भेजा जिनमें प्रमुख जलाल खान कोरची (सितम्बर 1572), मानसिंह (1573), भगवान दास (सितम्बर-अक्टूबर 1573) एवं टोडरमल (दिसम्बर 1573) मुख्य है। महाराणा प्रताप का जन्म 15 मई 1540 यानि ज्येष्ठ शुक्ला तृतीया, विक्रम संवत 1597 को कुम्भलगढ़ में महाराणा उदयसिंह एवं माता राणी जीवत कँवर के यहाँ हुआ था। महाराणा प्रताप की माता का नाम जैवन्ताबाई था, जो पाली के सोनगरा अखैराज की बेटी थी। महाराणा प्रताप को बचपन में कीका के नाम से पुकारा जाता था। महाराणा प्रताप का राज्याभिषेक गोगुंदा में हुआ। महाराणा प्रताप ने अपने जीवन में कुल 11 शादियां की थी। कहा जाता है कि उन्होंने ये सभी शादियां राजनीतिक कारणों से की थी।

**मेवाड़ के आदिवासी भीलों ने हल्दी घाटी में अकबर की फौज को अपने तीरो से रौंद डाला था सभी भील महाराणा प्रताप को अपना बेटा मानते थे और राणा जी बिना भेद भाव के उन के साथ रहते थे। आज भी मेवाड़ के राजचिन्ह पर एक तरफ राजपूत है तो दूसरी तरफ भील। शत्रु सेना से घिर चुके महाराणा प्रताप को उनके विद्रही भाई शक्ति सिंह ने बचाया, किन्तु इस युद्ध में राणाप्रताप के प्रिय घोड़े चेतक की भी मृत्यु हो गई।**

अकबर कूटनीती का जानकार था इसलिए उसने अपनी दो लाख सेना का नेतृत्व सलीम व मान सिंह को सौंपा। यह युद्ध बहुत ही भयंकर था। महाराणा प्रताप ने पूरी सजगता-वीरता के साथ युद्ध लड़ा लेकिन यह निर्णायक नहीं रहा। हल्दी घाटी की लड़ाई (18 जून 1576 ) हल्दीघाटी का कण-कण आज भी प्रताप की सेना के शौर्य, पराक्रम और बलिदानों की कहानी कहता है। 18 जून 1576 का भारत के इतिहास में एक विशिष्ट स्थान है क्योंकि इसी दिन प्रसिद्ध हल्दीघाटी की लड़ाई में लगभग बाईस हजार आजादी के मतवाले राजपूतों के साथ राणा प्रताप ने अकबर की मुगल सेना के सेनापति राजा मानसिंह एवं आसफ खाँ की अस्सी हजार सैनिकों की विशालकाय सेना का वीरता पूर्वक सामना किया था। हल्दीघाटी की लड़ाई मात्र एक दिन चली परन्तु इसमें 14000 राजपूत सैनिकों को अपने प्राणों की आहुती देनी पड़ी। हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप की तरफ से लडने वालों के अंदर मुस्लिम सरदार हकीमखां सूरी भी थे। मेवाड़ के आदिवासी भीलों ने हल्दी घाटी में अकबर की फौज को अपने तीरो से रौंद डाला था सभी भील महाराणा प्रताप को अपना बेटा मानते थे और राणा जी बिना भेद भाव के उन के साथ रहते थे। आज भी मेवाड़ के राजचिन्ह पर एक तरफ राजपूत है तो दूसरी तरफ भील। शत्रु सेना से घिर चुके महाराणा प्रताप को उनके विद्रही भाई शक्ति सिंह ने बचाया, किन्तु इस युद्ध में राणाप्रताप के प्रिय घोड़े चेतक की भी मृत्यु हो गई। चित्तौड़ की हल्दीघाटी में चेतक की समाधि बनी हुई है। चेतक का अंतिम संस्कार महाराणा प्रताप और उनके भाई शक्ति सिंह ने किया था। महाराणा प्रताप के भाले और कवच का वजन 80 किलो था। महाराणा प्रताप की तलवार कवच आदि सामान उदयपुर राज घराने के संग्रहालय में रखे हुए हैं। मेवाड़ राजघराने के वारिस को एकलिंग जी भगवान का दीवान माना जाता है।

दानवीर भामाशाह का त्याग युद्धभूमि पर उपस्थित बाईस हज़ार राजपूत सैनिकों में से केवल आठ हज़ार जीवित सैनिक युद्धभूमि से किसी प्रकार बचकर निकल पाये। मेवाड़ को जीतने के लिये अकबर ने सभी प्रयास किये किन्तु वो सफल नहीं हो सका। निरंतर सघर्ष के कारण महाराणा की आर्थिक हालत दिन-प्रतिदिन कमजोर होती गई एवं एक बार तो वो विचलित भी हो गये। विपत्तियों के इन क्षणों में भामाशाह ने अपने जीवन की सारी कमाई को राणाप्रताप को अर्पित कर मेवाड़ की रक्षा हेतु लड़ाई चालू रखने का निवेदन किया। भामाशाह की यह आर्थिक सहायता लगभग 25000 राजपूतों की सेना के 12 साल तक का वेतन और निर्वाह के लिए पर्याप्त थी। अपनी दानशीलता के लिए भामाशाह भी इतिहास पुरुष बने इसीलिये आज भी कई राज्यों में उनके नाम से जन कल्याणकारी योजनायें चला रहें हैं।


झाला सरदार मन्नाजी का बलिदान हल्दीघाटी का युद्ध अत्यन्त घमासान हो गया था। एक समय ऐसा आया जब शहजादा सलीम पर राणा प्रताप स्वयं आक्रमण कर रहे थे, दोनों लहूलुहान हो गये थे, इस दृश्य को देखकर कर हजारों मुगलसैनिक सलीम की रक्षा करने हेतु उसी तरफ़ बढ़े और राणाप्रताप को चारों तरफ़ से घेर कर उन पर प्रहार करने लगे। राणाप्रताप के सिर पर मेवाड़ का राजमुकुट लगा हुआ था अत:मुगलों ने मिलकर उन्हीं को निशाना बना लिया था वहीं दुसरी तरफ राणाप्रताप के रणबाकुरें राजपूतसैनिक भी प्रताप को बचाने के लिए अपने प्राण को हथेली पर रख कर संघर्ष कर रहे थे। दुर्भाग्यवश प्रताप संकट में फँसते जा रहे थे। स्थिति की गंभीरता को भांपते हुए झाला सरदार मन्ना जी ने स्वामिभक्ति का एक बेमिसाल आदर्श प्रस्तुत करते हुए अपने प्राणों का बलिदान कर दिया। झाला सरदार मन्नाजी तेजी के साथ युद्ध भूमि में सैनिकों को चीरते हुए आगे बढे और राणा प्रताप के सिर से मुकुट उतार कर अपने सिर पर रख लिया और तेजी के साथ कुछ दूरी पर जाकर मुगलों से घमासान युद्ध करने लगे। मुगलों ने झाला सरदार मुन्नाजी को ही प्रताप समझा और उस पर टूट पड़े, इस तरह राणाप्रताप को राष्ट्र युद्ध भूमि से दूर निकल जाने का अवसर मिल गया। उनका सारा शरीर असंख्य घावों से लहूलुहान हो चुका था। युद्धभूमि से लौटते समय राणाप्रताप मेवाड़ के वीर मन्नाजी को अपने प्राणों की आहुती देते देखा। इस युद्ध में नगण्य संख्या में मौजूद राजपूतों ने बहादुरी के साथ मुगलों का सामना किया, परन्तु तोपों तथा बंदूकधारियों से सुसज्जित शत्रु की विशाल सेना के सामने उनका समूचा परिश्रम निष्फल रहा। इतिहास के पन्नों में झाला सरदार मुन्ना जी का बलिदान स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा।

राणा प्रताप का इतिहास प्रसिद्ध घोड़ा चेतक मूल रूप से काठियावाड़ मूल का अश्व था जो उनको उनके प्राणो से ज्यादा प्रिय था। चेतक की चाल हवा से भी ज्यादा थी। हल्दी घाटी की लड़ाई उसकी एक पाँव बुरी तरह से जख्मी हो गया उसके बावजद चेतक ने प्रताप की जान बचाई और वीर गति को प्राप्त हुआ था। आज भी उसकी स्वामी भक्ति को आदर से याद किया जाता है। आज जब समस्त राष्ट्र सांप्रदायिक दंगों की विभिषिका से ग्रस्त है और गंगा-जमुना संस्कृति खतरे में है। वहीं दुसरी तरफ महाराणा प्रताप की नीतियां और कार्यशेली मेवाड़ और राजस्थान में सैकड़ों वर्षों से चली आ रही हिदू-मुस्लिम एकता को बताती हैं।

डॉ. शर्मा के मुताबिक अब्दुल रहीम खान-ए-खाना को अकबर ने हल्दीघाटी युद्ध के बाद अजमेर का सूबेदार बनाया था रहीम खान को एक ही आदेश था महाराणा प्रताप को जिंदा या मुर्दा पकड़ना है। इसके लिए रहीम ने अपना कैंप आबू की तलहटी में लगाया। उस समय प्रताप सुंधा माता की पहाड़ियों में रह रहे थे। प्रताप के बेटे अमर सिंह ने रहीम के कैंप का पता पता लगा करके और उसे युद्ध में परास्त करके उसकी बेगम को अगवा कर प्रताप के पास ले आए। अमर सिंह ने तर्क दिया कि जो मुगल उनके साथ करते हैं वहीं वो उनके बच्चों के साथ करेंगे। जैसे ही ये बात महाराणा प्रताप को पता चली तो वे अमर सिंह पर क्रोधित होकर अपना आपा खो कर अपने बेटे अमर सिंह को वापस महिला को सम्मान से सुरक्षित उनके कैंप में भिजवाने की व्यवस्था के आदेश दिए। प्रताप ने कहा चाहे वो हिंदू हो या मुस्लिम नारी, स्त्री हमेशा भारतीय संस्कृति में आदरणीय रही है। इसका परिणाम होता है कि रहीम खुद अकबर को कहता है कि प्रताप इतने महान हैं। ऐसे महान व्यक्तित्व के खिलाफ वह संघर्ष नहीं कर सकता। इसके बाद रहीम की अजमेर से सूबेदारी हटा दी गई थी। अब्दुल रहीम ही बाद में श्रेष्ठ कवि रहीम के रूप में पहचाने गए।

**–अतिथि सम्पादक,**
**डॉ. जे.के. गर्ग, पूर्व संयुक्त निदेशक**
**कालेज शिक्षा, जयपुर**

# ताबीज से ट्रांजिस्टर तक: विवेकानंद के सपने से विज्ञान के कदम तक - तथ्यपरक जन-जागृति लेख



**मदन सिंह काला**

धर्म दुनिया भर में कैसे पनपा? 12 हजार साल पहले खेती शुरू हुई। इंसान ने सोचा– 'बारिश कौन कराता है?' जवाब नहीं था। मिस्त्र ने सूरज को 'रा' कहा, यूनान ने बिजली को 'ज्यूस' (Zeus)। भारत में ऋग्वेद 1500 ईसा पूर्व : अग्नि, वरुण, इंद्र की स्तुति। डर और अनिश्चितता से 'प्रकृति-पूजा' निकली। फिर गांव और शहर बने। 10 हजार लोग साथ रहें तो नियम चाहिए। राजा के डंडे से ज्यादा 'भगवान का डर' काम आया। मिस्त्र के फिरऔन 'ईश्वर का बेटा' कहलाए, भारत में राजा 'इंद्र का अंश'। धर्म दो खंभों पर खड़ा हुआ– 1. प्रकृति का डर, 2. समाज चलाने का नियम। –आज संयुक्त राष्ट्र के 193 देशों में 4,300 से ज्यादा धर्म-संप्रदाय दर्ज हैं। पर जड़ एक– जो समझ नहीं आया, उसका जवाब भगवान के नाम पर रचित ग्रंथो से दिया।

'मानो मत, जानो' की चिंगारी कब फूटी? 600 ईसा पूर्व यूनान में थेल्स ने पानी को मूल बताया– भगवान को नहीं। भारत में चार्वाक बोला– 'भस्मीभूतस्य देहस्य पुनरागमनं कुत:'। अर्थात जला हुआ शरीर वापस कैसे आएगा? बुद्ध ने कहा– 'ईश्वर पर बहस मत करो, दुख का कारण खोजो'। धर्म से असली बगावत 1543 में हुई। कॉपरनिकस ने कहा, 'धरती नहीं, सूरज केंद्र है'। इसे चर्च ने 1616 में बैन किया। 1633 में गैलीलियो ने कहा "पृथ्वी सूर्य के चारों ओर परिक्रमा लगाती है" –उससे धार्मिक दबाव में माफी मंगवाई। 1859 में डार्विन: 'ऑरिजिन ऑफ स्पीशीज' – बाइबल हिल गई। –कैसे? बाइबल कहती थी भगवान ने सभी जीव 6 दिन में एक जैसे बनाए। डार्विन ने कहा नहीं, जीव 'प्राकृतिक चयन' से धीरे-धीरे बदले, इंसान भी विकास का नतीजा है। इंसान 'ईश्वर की खास रचना' से 'कुदरत का उत्पाद' बन गया। इसलिए चर्च काँप गया।– विज्ञान का सूत्र बना: 1. देखो, 2. सोचो, 3. करके दिखाओ, 4. दुनिया से जांच कराओ। 'आप्त-वाक्य' की जगह 'प्रयोग-वाक्य' आया।

1660 में लंदन में 'रॉयल सोसाइटी' बनी। राजा का आदेश– 'यहाँ बाइबल पर बहस नहीं, प्रकृति पर प्रयोग होगा'। 1666 में पेरिस 'एकेडमी ऑफ साइंसेज'। जर्मनी ने 1809 में हम्बोल्ट यूनिवर्सिटी मॉडल दिया– पढ़ाई, लैब और फैक्ट्री। अमेरिका ने 1790 में पेटेंट कानून – 'नया बनाओ, 20 साल कमाओ'। 1868 में जापान के मेजी सम्राट: 'पश्चिमी विज्ञान सीखो, वरना गुलाम बनोगे'। 1917 में लेनिन ने यूएसएसआर साम्यवाद की सत्ता और बिजलीकरण को अपना लक्ष्य बनाया। 1978 में देंग शियाओपिंग: 'विज्ञान पहली उत्पादक शक्ति है'। वर्तमान के विकसित देशों ने धर्म को ड्राइंग-रूम में भेजा, बजट को लैब में।

आँकड़े झूठ नहीं बोलते: 2023 मानव विकास सूचकांक टॉप-10: स्विट्जरलैंड, नॉर्वे, जर्मनी, अमेरिका। ये देश सकल घरेलू उत्पाद का औसत 3 प्रतिशत रिसर्च पर लगाते हैं। 1901-2023 विज्ञान नोबेल: अमेरिका 409, ब्रिटेन 138, जर्मनी 111, जापान 29, भारत 9 – जिनमें 3 मूल भारतीय। प्रति व्यक्ति आय 2023: अमेरिका 80,412 डॉलर, भारत 2,601 डॉलर। विश्व बौद्धिक संपदा संगठन 2023: अमेरिका ने 55,266 पेटेंट फाइल किए, चीन 70,015, भारत 8,013। –जहाँ पेटेंट, वहाँ प्रोडक्ट। जहाँ प्रोडक्ट, वहाँ एक्सपोर्ट। जहाँ एक्सपोर्ट, वहाँ डॉलर।–

–भारत का विज्ञान – गौरव भी, गड्ढा भी।– 800 ईसा पूर्व सुश्रुत ने 300 सर्जरी, 120 औजार लिखे। 500 ईस्वी आर्यभट्ट ने पाई 3.1416, धरती का व्यास 99.8 प्रतिशत सही निकाला। 700 ईस्वी ब्रह्मगुप्त ने 'गुरुत्वाकर्षण' दिया– न्यूटन से 1000 साल पहले। नागार्जुन ने पारा-शोधन, भास्कर-द्वितीय ने कैलकुलस की नींव। फिर 1200 ईस्वी बाद नालंदा जला। तुर्क-मुगल काल में 'इल्म' मदरसों तक सिमटा, 'शिल्प' जाति में बँधा। अंग्रेज आए तो हमने रेल देखी, बनाई नहीं। आजादी के बाद: 1948 भाभा-एटॉमिक एनर्जी, 1969 साराभाई-इसरो, 1974 इंदिरा गांधी का पहला पोखरण, –1998 अटल बिहारी वाजपेई सरकार का पोखरण-2 – 11 से 13 मई तक 5 परमाणु परीक्षण, प्रतिबंधों के बावजूद भारत परमाणु शक्ति बना–, 2008 चंद्रयान-1, 2014 मंगलयान पहले प्रयास में, 2023 चंद्रयान-3 दक्षिणी ध्रुव पर पहला। कोविड में 2.2 अरब वैक्सीन डोज, 100 देशों को सप्लाई। यूपीआई से 2023 में 13.9 अरब लेनदेन एक महीने में। कुछ क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता भी आई है जैसे अंतरिक्ष और वैक्सीन में हम नंबर-1 हैं। पर चिप, पैसेंजर जेट इंजन, एमआरएनए प्लेटफॉर्म, लिथियम रिफाइनिंग में अब भी 70-95 प्रतिशत आयात।

1893 में स्वामी विवेकानंद शिकागो गए। धर्म-संसद में भारत का सिर ऊँचा किया। पर अमेरिका की फैक्ट्री, लैब देखकर सो नहीं पाए। दूसरी बार अमेरिका गये और 3 मार्च 1900 को सैन फ्रांसिस्को में बोले: _'India is saturated with religion. What India wants is not religion, but bread.'_ यानी भारत धर्म से सराबोर है। भारत को धर्म नहीं, रोटी चाहिए। 1898 में स्वामी विवेकानंद ने, जब जहाज पर टाटा से मिलन हुआ तो 'मंदिर नहीं, विज्ञान की लैब बनाओ' का संदेश दिया। टाटा ने 1909 में आईआईएससी बनवाया। 1899 कलकत्ता प्लेग में खुद झाड़ू उठाई। बोले-जब तक मेरे देश में एक कुत्ता भी भूखा है, मेरा पूरा धर्म उसे रोटी देना है।

–अब रिसर्च इनोवेशन बनाम उञ्ज का हिसाब देखते हैं:– यूनेस्को 2022: जो देश रिसर्च पर खर्च करता है, वही दुनिया पर राज करता है। भारत कहाँ?– भारत 0.64 प्रतिशत – दुनिया में 39वां नंबर। रिसर्चर प्रति 10 लाख आबादी: इज़राइल 8,342, अमेरिका 4,452, चीन 1,307, भारत सिर्फ 253। प्राइवेट सेक्टर की हिस्सेदारी: अमेरिका 78 प्रतिशत, चीन 77 प्रतिशत, भारत 36.4 प्रतिशत। यानी हमारे सेठ लैब नहीं, मॉल खोलते हैं और विदेशी सामान की ट्रेडिंग करते हैं।

परिणाम : वाणिज्य मंत्रालय 2023-24: कुल आयात 677 अरब डॉलर। 1. कच्चा तेल 179 अरब – 87 प्रतिशत निर्भर। 2. इलेक्ट्रॉनिक्स 89 अरब – 60 प्रतिशत चीन। 3. सेमीकंडक्टर 26 अरब – 99 प्रतिशत आयात। दवा का कच्चा माल एपीआई 68 प्रतिशत चीन से। रक्षा आयात 2.93 अरब डॉलर – दुनिया में चौथा बड़ा खरीदार। –सीधा गणित है जो 3 प्रतिशत लगाता है, वो ही बेचता है। जो 0.64 प्रतिशत लगाता है, वो खरीदता है।– हम 'असेंबली हब' बने, 'इनोवेशन हब' नहीं। विवेकानंद ने 125 साल पहले 'material civilization' माँगी थी। हम अब भी माँग रहे हैं।

–भारत को पंथनिरपेक्षता क्यों चाहिए? विवेकानंद ने ही बताया।– पहला – प्रतिभा किसी की बपौती नहीं। 140 करोड़ में हर धर्म-जाति में विवेक है। अगर आईआईटी का फॉर्म 'धर्म' पूछे, तो कलाम, नादेला, पिचाई कैसे निकलेंगे? नासा में 36 प्रतिशत वैज्ञानिक भारतीय मूल के – क्योंकि अमेरिका ने 1965 में धर्म-रंग देखना बंद किया। दूसरा – निवेश। 2022 में भारत को 49 अरब डॉलर एफडीआई मिला। मूडीज: 'सामाजिक अशांति 1 प्रतिशत बढ़े तो निवेश 2 प्रतिशत घटता है'। तीसरा – विज्ञान का माहौल। विवेकानंद 1896 लंदन: _'Science and religion will meet and shake hands'_ यानी विज्ञान और धर्म मिलेंगे और हाथ मिलाएंगे। शर्त – 'धर्म तरक्की में रोड़ा न बने'। धर्म के नाम पर अकाल मृत्यु के ग्रास बने लोगों का इतिहास :'एनसाइक्लोपीडिया ऑफ वॉर्स' के अनुसार 1763 युद्धों में से 7 प्रतिशत 'पूरी तरह धार्मिक'। क्रूसेड 1095-1291 – 10-30 लाख मौतें। यूरोप के धार्मिक युद्ध 1524-1648 – 80 लाख से 1 करोड़। भारत विभाजन 1947 – 10-20 लाख। 21वीं सदी आतंक – 2000-2023 तक 2.1 लाख मौतें। कुल 2.5-3.5 करोड़। – तुलना: प्रथम विश्वयुद्ध में 2 करोड़, के अनुसार कोविड-19 से दुनिया भर में 70 लाख और भारत में 5.3 लाख दर्ज मौतें।–

–अब उत्पादन के स्त्रोतों पर विचार करते हैं।– एसोचैम 2022: भारत की 'फेथ इकोनॉमी' 3.2 लाख करोड़ सालाना। इसमें से 30 प्रतिशत ताबीज-यंत्र-रत्न यानी 96,000 करोड़ का 'चमत्कार उद्योग'। राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण 2022-23 के अनुसार 68 लाख लोग 'धार्मिक कर्मकांड' को मुख्य पेशा बताते हैं। इस अनुत्पादक व्यवसाय से पुजारी, मौलवी, ज्योतिषी, कथावाचक अलीशान जीवन का आनंद लेते हैं। इनकी संख्या ऑस्ट्रेलिया की आबादी के बराबर है। तुलना: आईटी सेक्टर 54 लाख रोजगार, 3.2 लाख करोड़ एक्सपोर्ट। ऑटो सेक्टर 37 लाख रोजगार, 2.8 लाख करोड़ कारोबार। पर धार्मिक सेक्टर के ये 68 लाख लोग न तो पेटेंट बनाते हैं, न एक्सपोर्ट। टैक्स? आईटी सेक्टर से सरकार को 1.1 लाख करोड़। फेथ इकोनॉमी ज्यादातर टैक्स-फ्री। तिरुपति का बजट 5,123 करोड़ – पंजाब के यूनिवर्सिटी बजट से दोगुना। काशी में चढ़ावा 100 करोड़ से 500 करोड़ हुआ। पर 'चमत्कार उद्योग' का जीएसटी नहीं के बराबर है जबकि अमेरिका जैसे विकसित देशों में धार्मिक संस्थानों को वार्षिक आयकर रिटर्न भरना पड़ता है। विवेकानंद ने कहा, 'भूखे को धर्म का उपदेश देना पाप है'।

–दो बातें जो इतिहास की किताबों में नहीं मिलती।– पहला – 'जुगाड़' बनाम 'डीप-टेक'। 0.5 रुपये में मंगलयान भेज देते हैं, पर प्रोसेसर अमेरिकी। हम 'सस्ता' कर लेते हैं, 'नया' नहीं बना पाते। 2023 में ओपनएआई, गूगल, मेटा ने एआई पर 50 अरब डॉलर लगाए। भारत की कुल फंडिंग 5 अरब डॉलर। दूसरा – जाति लैब का दीमक। आईआईटी बॉम्बे 2023: 50 प्रतिशत आत्महत्या दलित-आदिवासी छात्रों की। कारण – 'तुम कोटा(आरक्षण)से आए हो'। –विज्ञान को 'पहचान' नहीं, 'प्रतिभा' चाहिए।–

देश को प्रगतिशील बनाने के लिए पहला कदम – बजट। 0.64 प्रतिशत से 2 प्रतिशत 2030 तक। चीन ने 1996 में 0.57 प्रतिशत से 2022 में 2.43 प्रतिशत किया। दूसरा – प्राइवेट सेक्टर। टाटा, रिलायंस को 10 साल टैक्स-छूट अगर बेसिक-साइंस लैब खोलें। (Corporate Social Responsibility)' से 'आरएंडडी' शिफ्ट। तीसरा – शिक्षा। कक्षा 3 से 'सवाल पूछो' प्रोजेक्ट शुरू किया जावे। विद्यार्थी को 10वीं में 20 नंबर उसको यह बताने पर मिलें कि 'फलां प्रयोग फेल क्यों हुआ'। इससे उसमें सोचने की क्षमता का विकास होगा। धर्म ग्रंथ पढ़ाओ, पर कार्बन-डेटिंग भी। चौथा – पाखंड दंड-संहिता। '10 मिनट में वशीकरण' बोलने वाले को 3 साल जेल। ताबीज पर 28 प्रतिशत GST + 'इससे नौकरी नहीं लगती' वार्निंग। पाँचवाँ – पंथनिरपेक्षता। आर्टिकल 5151A(h) – वैज्ञानिक सोच अनिवार्य। दंगा भड़काने वाले नेता की पेंशन-पासपोर्ट-चुनाव रद्द।

वर्तमान में धरती पर लगभग 8 अरब लोग हैं। 84 प्रतिशत किसी न किसी धर्म को मानते हैं। धर्म ने कला, संगीत, नैतिकता दी, इसके लिए शुक्रिया। पर भूख, बीमारी व जीवन की अनेकों भौतिक समस्याएं विज्ञान ने मिटाई। "1900 में भारत में जन्म के समय जीवन प्रत्याशा सिर्फ 23-24 साल थी – क्योंकि 1000 बच्चों में से 200-250 बच्चे 1 साल से पहले ही मर जाते थे। आज 70 साल है – आधुनिक चिकित्सा, वैक्सीन और एंटीबायोटिक के कारण न कि यज्ञ आदि के कारण से।" 1960 में अकाल से लाखों मरे, आज 80 करोड़ को मुफ्त अनाज– –बोरलॉग के गेहूं से, भंडारे से नहीं।– विवेकानंद: – 'पहले रोटी, फिर राम'–। –'पहले लैब, फिर मंदिर'–। हमने योग दिया, पर चिप-जेट इंजन अब भी खरीदते हैं। योगा मैट 100 डॉलर, चिप 10 हजार डॉलर। चुनाव तुम्हारा: ताबीज बेचकर 2.5 ट्रिलियन रहें, या ट्रांजिस्टर बेचकर 10 ट्रिलियन बनें? –लैब में घंटा नहीं बजता, पर वहाँ बजने से दुनिया की घंटी बजती है।– विवेकानंद का सपना 'विश्वगुरु' नहीं, 'विज्ञान-आध्यात्म में स्वावलंबी भारत' था। –उठो, जागो – और लैब चलो।

**-मदन सिंह काला,**
**पूर्व आई.ए.एस**

# सेवा शिविर में जयसिंह का बरसों से अटका भूमि बंटवारा एक घंटे में हुआ

**■ ब्यावर के अतीतमण्ड में आयोजित सेवा शिविर में जयसिंह को न्याय मिला**

**जयपुर।** ब्यावर जिले की जवाजा पंचायत समिति के अतीतमण्ड निवासी जयसिंह पुत्र गोकुल सिंह खातेदारी भूमि का बंटवारा नहीं होने से परेशान था। उसे लोन लेने, उन्नत बीज, कृषि यंत्र अनुदान, पीएम किसान सम्मान निधि का लाभ लेने के लिए पहले साझेदारों के चक्कर काटने पड़ते, फिर पूरा लाभ भी नहीं मिल पाता। जमीन का मामला होने के कारण उसे धोखाधड़ी का भी डर था, लेकिन विभिन्न कारणों से बंटवारा नहीं हो पा रहा था। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जयसिंह जैसे लोगों के मन की मुराद सुनी और गत 12 जून से प्रत्येक ग्राम पंचायत में ग्रामीण सेवा शिविर लगवाना शुरू किया। अतीतमण्ड में सेवा शिविर लगने की जानकारी मिलने पर जयसिंह शिविर में पहुंचा और शिविर प्रभारी को इस सम्बंध में प्रार्थना पत्र दिया।


शिविर प्रभारी उपखण्ड अधिकारी ने तहसीलदार को प्रार्थी की खातेदारी भूमि का बंटवारा करके उनके समक्ष प्रकरण पेश करने का आदेश दिया। ब्यावर तहसीलदार ने हलका पटवारी व गिरदावर को बंटवारा करने के आदेश दिए। हलका पटवारी व गिरदार ने मौके पर जाकर बंटवारा प्रस्ताव तैयार कर शिविर में तहसीलदार ब्यावर को पेश किया जिसे तहसीलदार ने शिविर में स्वीकृत किया। यह पूरी प्रक्रिया एक घंटे में हो गयी।



**सेवा शिविर में तहसीलदार ने जयसिंह को बंटवारा पत्र सौंपा।**

इस पर जयसिंह ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि नेता भाषण देते हैं, आश्वासन देते हैं, हमारे मुख्यमंत्री पब्लिक के काम करते हैं। हम सौभाग्यशाली हैं कि हीरे जैसा मुख्यमंत्री हमको मिला है। भगवान मुख्यमंत्री जी पर स्वास्थ्य एवं दीर्घायु का आर्शीवाद बनाये रखें।

## राशिफल गुरूवार 18 जून, 2026



**पंडित अनिल शर्मा**


द्वितीय ज्येष्ठ मास (शुद्ध), शुक्ल पक्ष, चतुरथी तिथि, गुरूवार, विक्रम संवत 2083, पुष्य नक्षत्र दिन 11:32 तक, व्याघात योग सायं 5:35 तक, वणिज करण प्रात: 8:19 तक, चन्द्रमा आज कर्क राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-मिथुन, चन्द्रमा-कर्क मंगल-मेष, बुध-मिथुन, गुरू-कर्क, शुक्र-कर्क शनि-मीन, राहु-कुम्भ, केतु-सिंह


आज सवार्थ सिद्धि योग, गुरू पुष्य और अमृत सिद्धि योग सूर्योदय से दिन 11:32 तक है। रवियोग आज दिन 11:32 तक है। आज भद्रा प्रात: 8:19 से सायं 6:59 तक है। आज विनायक चतुर्थी, गुरू पुष्य योग, उमा चतुरथी है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** शुभ सूर्योदय से 7:20 तक, चर 10:45 से 12:28 तक, लाभ अमृत 12:28 से 3:53 तक, शुभ 5:36 से सूर्यास्त तक।


**राहूकाल:** 1:30 से 3:00 तक। सूर्योदय 5:37, सूर्यास्त 7:19




### मेष
घर-परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में अतिथियों का आगमन बना रहेगा।




### वृष
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।




### मिथुन
आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।




### कर्क
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। आज व्यावसायिक कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। आवश्यक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे।




### सिंह
आज घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। आवश्यक कार्य के लिए यात्रा संभव है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




### कन्या
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में आज उचित सफलता मिल सकती है।




### तुला
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। नवीन कार्यों में उचित सफलता मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।




### वृश्चिक
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। धार्मिक स्थान की यात्रा संभव है। परिवार में शुभ संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक मामलों में लापरवाही ठीक नहीं रहेगी।




### धनु
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। शुभ कार्यों में व्यवधान हो सकता है। आज आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा में दुर्घटना का भय है।



### मकर
परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। व्यावसायिक संपर्क बनेंगे।



### कुंभ
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। स्वास्थ्य में सुधार होगा। व्यावसायिक वार्ता के लिए दिन अच्छा रहेगा।



### मीन
व्यावसायिक कार्यों के संबंध में उचित सोच-विचार हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्य योजना का क्रियान्वयन हो सकता है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं।

## सार-समाचार

### बाड़मेर की 18 पंचायतों में आज शिविर

**बाड़मेर,**(नि.सं.)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार बाड़मेर जिले में गुरुवार को विभिन्न पंचायत समितियों की 18 ग्राम पंचायतों में ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित होंगे। जबकि नगर विकास न्यास एवं नगर परिषद कार्यालय में शहरी सेवा शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में आमजन की समस्याओं का मौके पर समाधान करने के साथ पात्र व्यक्तियों को विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित किया जाएगा। जिला कलक्टर चिन्मयी गोपाल ने बताया कि गुरुवार को बाड़मेर पंचायत समिति की सुरा एवं विशाला आगोर ग्राम पंचायत,बाड़मेर ग्रामीण की भाड़खा, बाटाडू में बाटाडू, नोखड़ा में खारिया खुर्द एवं आंसुओं की ढाणी, बायतू की अकदड़ा, शिव में आरंग एवं शिवाजी नगर, गडरारोड़ में खबड़ाला, रामसर में भाचभर, चौहटन में पंवारिया तला एवं मुकने का तला, धनाऊ में नेहरों की नाडी, सेड़वा में कुंदनपुरा एवं गुले की बस्ती, फागलिया में भलगांव ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ग्रामीण सेवा शिविर आयोजित होगा। बाड़मेर जिला मुख्यालय पर नगर परिषद कार्यालय में वार्ड 10 से 12 के लिए शहरी सेवा शिविर आयोजित होगा। जिला कलक्टर ने बताया कि ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों में विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहकर आमजन की परिवेदनाओं का त्वरित निस्तारण करेंगे। इस दौरान राजस्व, सामाजिक सुरक्षा, पंचायती राज, कृषि, जलदाय, विद्युत, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास सहित विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ा जाएगा। उन्होंने आमजन से अधिकाधिक संख्या में शिविरों में पहुंचकर अपनी समस्याओं का समाधान करवाने एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की है।

### जोधपुर में कई वाहन चोरी, केस दर्ज

**जोधपुर**, (कासं)। शहर में अलग अलग स्थानों से ट्रेक्टर और बाइक चोरी हो गई। इस बारे में मालिकों की तरफ से संबंधित थाने में मामले दर्ज कराए गए। बोरानाडा पुलिस ने बताया कि 18 सेक्टर चौपासनी हाऊसिंग बोर्ड निवासी रविसागर माथुर पुत्र रतन प्रकाश माथुर ने रिपोर्ट दी । इसमें बताया कि वह 13 जून को वह हैंडीक्राफ्ट फैक्ट्री रिको क्षेत्र में आया था, जहां से उसकी बाइक चोरी हो गई। इसी तरह उदयमंदिर थाने में दी रिपोर्ट में मेड़ती सिलावाटान का मोहल्ला निवासी साजिद खान पुत्र मो. आसिफ ने पुलिस को बताया कि 10 जून को वह राय बहादूर बाजार आया था। जहां बाहर से उसकी बाइक चोरी हो गई। इधर रातानाडा पुलिस ने बताया कि ढाणा मोहल्ला मथानिया निवासी अशोक देवड़ा पुत्र राणाराम देवड़ा अजीत कॉलोनी अपनी स्कूटी लेकर आया था। जहां एक कार्यालय के बाहर से उसकी गाड़ी चोरी हो गई। जबकि प्रतापनगर पुलिस ने बताया कि जगजीवनराम कॉलोनी महामंदिर निवासी फजल खान पुत्र यासीन खान का ट्रेक्टर आखलिया चौराहा स्थित एक निजी बैंक के पास में खड़ा था। अज्ञात शख्स उसका ट्रेक्टर चोरी कर ले गया। पुलिस अब चोरी गई गाडिय़ों का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

### महाराणा प्रताप को पुष्पांजलि अर्पित

**जोधपुर**, (कासं)। वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती बुधवार को श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर रातानाडा स्थित गणेश मंदिर की तलहटी में स्थापित महाराणा प्रताप की अश्वारूढ़ प्रतिमा पर श्रद्धापूर्वक पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में जेडीए के पूर्व अध्यक्ष प्रो. महेंद्र सिंह राठौड़ ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर महाराणा प्रताप को नमन किया। इस दौरान राठौड़ ने कहा कि महाराणा प्रताप का गौरवशाली इतिहास सदियों तक याद रखा जाएगा। उन्होंने अपने अदम्य साहस, स्वाभिमान और वीरता के बल पर मुगलों के विरुद्ध संघर्ष कर मातृभूमि की रक्षा की। उनका जीवन देशभक्ति, त्याग और स्वाभिमान का प्रतीक है, जो आज भी युवाओं को प्रेरणा प्रदान करता है। इस दौरान उपस्थित लोगों ने महाराणा प्रताप के आदर्शों को अपनाने तथा राष्ट्रहित के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने भाग लेकर वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके साथ ही यहां पर पौधारोपण भी किया गया।

### बाड़मेर में जलापूर्ति बाधित रहेगी

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। बाड़मेर शहर एवं ग्रामीण इलाकों में गुरुवार को जलापूर्ति बाधित रहेगी। जलदाय विभाग के अधीक्षण अभियंता हजारीराम बालवां ने बताया कि 16 जून को रात्रि में आए आंधी एवं तुफान में भागु का गांव, जैसलमेर के पास 132 केवी के विद्युत टॉवर क्षितठास्त होने के कारण बाडमेर लिफ्ट परियोजना के मोहनगढ एवं भागु का गांव जैसलमेर स्थित पम्प हाउस पर 16 जून रात्रि 9 बजे से लगातार विद्युत आपूर्ति बाधित है। इस वजह से परियोजना के जरिए पेयजल आवक पूर्णतया बंद है। उन्होंने बताया कि 18 जून को परियोजना से जुडे बाडमेर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी।

### नाला सफाई व आवारा पशुओं की धरपकड़

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। बाड़मेर नगर परिषद क्षेत्र में विशेष अभियान के तहत नालों की सफाई के साथ आवारा जानवरों की धरपकड़ जारी है। नगर परिषद आयुक्त भगवत सिंह परमार ने बताया कि बुधवार को राजस्व निरीक्षक अशोक कुमार शर्मा, ओमप्रकाश गोसाई, जमादार अविनाश के निर्देशन में जेसीबी एवं सफाई कार्मिकों ने ट्रक यूनियन के पीछे से टीवीएस शोरुम तक नाला साफ करवाया। इसी तरह सहायक अभियंता सुरेश कुमार एवं जमादार मोनेश्वर के निर्देशन में होण्डा शोरुम के पीछे नाला साफ करवाया गया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता निरीक्षक भगवानदास एवं जमादार महेश जसाई के निर्देशन में आवारा पशुओं की धरपकड़ की गई। इसके तहत पहली पारी में नेहरू नगर सिंधी धर्मशाला के पास से 6 एवं द्वितीय पारी में महावीर नगर 80 फीट रोड़ से 7 बैल पकड़े गए।

### सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौत

**जोधपुर**, (कासं)। शहर के निकट अरणा फांटा रिंग रोड पर मंगलवार की देर रात ढाई बजे ट्रक और अन्य वाहन की टक्कर हो गई। हादसे में ट्रक चालक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक के रिश्तेदार ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। राजीव गांधी नगर पुलिस ने कार्रवाई के उपरांत शव परिजन को सुपुर्द किया। राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि जंमूकश्मीर निवासी यशपाल सिंह लुधियाना से अहमदाबाद के लिए ट्रक लेकर निकला था। वह मंगलवार की रात को ट्रक लेकर अरणा फांटा रिंग रोड से निकल रहा था। तब किसी अन्य वाहन की टक्कर से वह बुरी तरह घायल हो गया। अस्पताल में उपचार के बीच उसकी मौत हो गई। उसके रिश्तेदार देवराज पुत्र पूर्णचंद ने एक्सीडेंट का केस दर्ज कराया।

### रैली एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित

**जोधपुर**, (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सुचेता कृपलानी महाविद्यालय माणकलाव में जागरूकता कार्यशाला, जनजागरूकता रैली एवं नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक अनिल व्यास रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कमल किशोर डागा ने विद्यार्थियों को नशामुक्त रहने तथा समाज में जनजागरण की भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में लक्ष्मण सिंह भाटी, प्रेमाराम सांखला, अन्नाराम चौधरी, ऊषा कच्छवाहा एवं किरण गहलोत उपस्थित रही।

### आईजी सत्येंद्र सिंह रेवदर थाना पहुंचे

**रेवदर**, (निसं)। आईजी सत्येंद्र सिंह के रेवदर थाना पहुंचने पर पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। आईजी ने थाना परिसर में पुलिसकर्मियों से मुलाकात कर उनकी कार्यप्रणाली और ड्यूटी से जुडे विभिन्न विषयों की जानकारी ली। थाना परिसर में पुलिसकर्मियों के साथ भोजन कर आत्मीय संवाद किया तथा कहा कि अधिकारियों और जवानों के बीच बेहतर समन्वय तथा आपसी दूरी को कम करना आवश्यक है। एसपी पुष्पेंद्र सिंह राठौड, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक किशोर सिंह, रेवदर थाना प्रभारी सीताराम पंवार, अनादरा थाना प्रभारी कमलेश गहलोत, मंडार थाना प्रभारी प्रवीण आचार्य सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### जनसुनवाई स्थगित

**बाड़मेर**,(नि.सं.)। जन अभियोग निराकरण विभाग, राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार माह जून 2026 की जिला स्तरीय जन सुनवाई तथा माह जुलाई 2026 की ग्राम पंचायत, ब्लॉक एवं जिला स्तर पर आयोजित होने वाली त्रिस्तरीय जन सुनवाई स्थगित कर दी गई है। अतिरिक्त जिला कलक्टर राजेन्द्र सिंह चांदावत ने बताया कि 18 जून को आयोजित होने वाली जिला स्तरीय जन सुनवाई एवं जुलाई माह की त्रिस्तरीय जनसुनवाई को ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविर-2026 के मद्देनजर स्थगित किया गया है।

# 'महाराणा प्रताप से जुड़े स्थलों के विकास के लिए कृत संकल्पित'

**पाली**, (नि.सं.)। वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप ने मुगलो से लोहा लेकर हिन्दुत्त्व की रक्षा की। वीर प्रताप इस देश का गौरव होने के साथ साथ हम सभी के आदर्श है , उनके जीवन से जुड़े स्थलों के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य की भाजपा सरकार कृत संकल्पित है। यह उदगार केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने महाराणा प्रताप की 486 वी जन्मजयंती पर जूनी कचहरी में महाराणा प्रताप जन्मस्थली विकास समिति व नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मुख्य समारोह में कहे। उन्होंने जूनी कचहरी में महाराणा प्रताप का नानिहाम होना पाली का सौभाग्य बताया ।

पूर्व सांसद पुष्प जैन ने आगामी दिनों में जयपुर समिति के प्रतिनिधि मंडल के साथ जाकर इस स्थल को संरक्षित करवाने की जवाबदेही ली ।

बजरंगदल के राष्ट्रीय संयोजक किशन प्रजापत ने घर घर से युवाओं की टीम देशहित में बनाने पर बल देते हुए परिवार में संस्कारवान माहौल बनाना समय की जरूरत बताया ।

पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख ने कार्यक्रम में रैली लेकर पहुंची संस्थाओं को जन जागरण का प्रतीक बताते हुए कहा कि हम भी महाराणा प्रताप के आदर्शों पर चलकर देश के नवनिर्माण में सहयोग करे।

पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील भण्डारी,मिट्टी कला बोर्ड के अध्यक्ष प्रहलादराय टांक,नवीन मेहता,परमेश्वर जोशी,ललित प्रितमानी ने भी अपने विचार प्रकट किए।

अध्यक्ष एडवोकेट शैतानसिंह सोनिगरा ने अतिथियो के स्वागत में सम्बोधित करते हुए जूनी कचहरी को ही महाराणा प्रताप की जन्मस्थली होने का प्रमाण बताया।



पाली के जूनी कचहरी में महाराणा प्रताप जन्मस्थली विकास समिति व नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित मुख्य समारोह में जोराराम कुमावत सहित कई जने शामिल हुए। फोटो-राष्ट्रदूत

इस अवसर पर तखतसिंह सिंह सोलंकी,राजू देवासी के नेतृत्व में शिवसेना शिंदे रैली का, सोहनसिंह राव,अरविंद बंजारा के नेतृत्व में शिवसेना उद्धव रैली का, दिलीप परिहार के नेतृत्व में आर्यवीर दल रैली का,महेंद्रसिंह नरुका के नेतृत्व में महाराणा कमांडो फोर्स रैली का,प्रियंका चौधरी के नेतृत्व में भारत रक्षा मंच की रैली का, विहिप व बजरंगदल सहित महिला व कन्या दलों का समिति द्वारा दुपट्टा व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में गौतम चंद यति, कल्याणसिंह सोलंकी, नरेंद्र सोनी ने देशभक्ति रचना प्रस्तुत कर कार्यक्रम में समां बांध दिया।

कार्यक्रम में अतिथियो का समिति के एडवोकेट शैतानसिंह सोनिगरा, उगमराज सांड, अनोपसिंह चौहान, प्रकाश शर्मा,रितेश छाजेड़, कुलदीप सिंह सोनिगरा, तरुणसिंह चौहान,प्रवीण जांगिड़, गौतमचंद यति,महेश बागड़ी, दौलाराम पटेल,मुकेश भंसाली , गुलाब सिंह गिरवर,पार्षद विकास बुबकिया ने स्वागत किया।

कार्यक्रम में प्रायोजक महावीर इन्टरनेशनल परिवार के सदस्यों ने सहयोग किया। कार्यक्रम का संचालन संयोजक उगमराज सांड ने किया।

कार्यक्रम में पुखराज पटेल, एडवोकेट गणपतसिंह, कुसुम सोनी, एलपीआर मेहता,विजयराज सोनी,नरेंद्र माछर, मनोहर कंवर, सुरजदेवी सांखला, मनीषा राखेचा, विमला मंत्री, नीतू अमरनानी,प्रमिला परमार,ममता बोहरा, नीलू कटारिया,प्रेमलता अग्रवाल, जयंता व्यास, भाजपा अध्यक्ष सुरेश पंवार,एडवोकेट नारायण कुमावत, जितेन्द्र भंसाली, रामचंद्र तोषावरा, अन्नू सोलंकी, आशीष तिवारी, कल्याण सिंह सोलंकी,रमेश परिहार, नरेंद्र तिवारी,मनीष जावा,सुरेंद्र निहलानी, राहुल मेवाड़ा,नरपत दवे, परमेंद्रसिंह परिहार,बहादुरसिंह राठौड़, कैलाश जोशी,मनीष सैन, कैलाशचंद्र, सहित प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

# खेलकूद गतिविधियों के साथ प्रतिभाओं को मिलेगा प्रोत्साहन

- डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना से बदलेगी बाड़मेर शहर की तस्वीर
- वर्ष 2026-27 की कार्य योजना में कई महत्वपूर्ण विकास कार्य शामिल
- 14.25 करोड़ की योजना स्वीकृति के लिए राज्य सरकार को भेजी

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना में खेलकूद गतिविधियों एवं प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए कई महत्वपूर्ण कार्यों को शामिल किया गया है। जिला स्तरीय कमेटी के अनुमोदन के उपरांत 14.25 करोड़ के कार्यों के प्रस्ताव राज्य सरकार को भिजवाए गए है।

नगर परिषद आयुक्त भगवत सिंह परमार ने बताया कि जिला कलक्टर चिन्मयी गोपाल की अध्यक्षता में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना की कार्य योजना तैयार की गई है। इस प्रस्तावित कार्य योजना में आदर्श स्टेडियम में पेवेलियन मय टीन शेड निर्माण के विस्तार के लिए 1.48 करोड़,आदर्श स्टेडियम में इनडोर स्टेडियम के निर्माण के लिए 5 करोड़,आदर्श स्टेडियम के पार्क में स्थैतिक ट्रैक के लिए 2.50 करोड़, आदर्श स्टेडियम कंक्रीट सरफेस लॉन टेनिस कोर्ट का निर्माण कार्य 50 लाख, आदर्श स्टेडियम में इरथन रनिंग ट्रैक एवं खेल मैदान के उन्नयन कार्य के लिए 38 लाख, हाई स्कूल में बाड़मेर में फुटबॉल और हॉकी मैदान के उन्नयन कार्य के लिए 25 लाख, आदर्श स्टेडियम में हैंडबॉल एवं नेटबॉल कोर्ट निर्माण कार्य के लिए 60 लाख, पीजी कॉलेज बाड़मेर में इंडोर स्टेडियम निर्माण कार्य बैडमिंटन कोर्ट, टेबल टेनिस टेबल, कबड्डी कोर्ट, जूडो, कराटे, ताईक्वांडो मैट के लिए 3 करोड़, पीजी कॉलेज बाड़मेर में वॉलीबॉल कोर्ट निर्माण कार्य के लिए 30 लाख, पीजी कॉलेज बाड़मेर में 400 मीटर 6-लेन ट्रैक उन्नयन कार्य के लिए 30 लाख के विकास कार्य करवाए जाने की कार्य योजना तैयार की गई है। इसकी क्रियान्विति होने से बाड़मेर में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन मिलेगा। उल्लेखनीय है कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जिला उत्थान योजना राजस्थान सरकार की एक महत्वपूर्ण जिला-केंद्रित विकास योजना है।

इस योजना में जिलों के सर्वांगीण विकास को सुनिश्चित करना है। इसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन, ग्रामीण आधारभूत संरचना सड़क, पानी, बिजली आदि, खेल सुविधाएं, सामुदायिक भवन, धार्मिक, पर्यटन स्थलों का विकास, युवाओं के कौशल विकास और कृषि-खाद्य प्रसंस्करण इकाइयों जैसी परियोजनाओं को बढ़ावा दिया जाता है।

यह योजना जिलों में ढांचागत और सामाजिक-आर्थिक उत्थान के लिए जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समितियों के माध्यम से लागू की जाती है।

# मानसरोवर में कथा पूर्णाहुति के साथ संपन्न



जोधपुर में पाल रौड स्थित मानसरोवर कॉलोनी में दस जून से जारी भागवत कथा का समापन हुआ।

**जोधपुर**, (नि.सं.)। पाल रौड स्थित मानसरोवर कॉलोनी में दस जून से व्यास पीठ (बड़ा राम द्वारा, बूंदी ) के संत आत्माराम महाराज के सानिध्य में आयोजित सात दिवसीय श्री मद्भागवत कथा का आयोजन विधिवत पूजन एवं पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न हुआ।

श्री मद्भागवत कथा के सातवें व अंतिम दिन कथा वाचक संत आतमाराम महाराज ने बताया कि पुरुषोत्तम मास में श्री मद्भागवत कथा का श्रवण करने से अनंत गुना पुण्य लाभ मिलता है।

संत आत्माराम ने कथा के अंतिम दिन भगवान श्री कृष्ण और उनके बचपन के सखा सुदामा के प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि भगवान दीनबंधु हैं एवं अपने सच्चे भक्तों पर सदैव कृपा बरसाते हैं। सुदामा जैसे भक्त, जो निरंतर भगवान श्री कृष्ण का स्मरण करते थे, तो ऐसे भक्तों पर श्री कृष्ण की अपार कृपा सदैव बनी रहती है व उन्हें समस्त सुखों की प्राप्ति होती है। वहीं कार्यक्रम में राम स्नेही संप्रदाय के संत हीरादास महाराज ने भी महिला भक्तों के विशेष आग्रह पर''चुनरी '' गीत सुनाकर श्रद्धालुओं को आत्म विभोर कर दिया।

श्री मद्भागवत कथा मे पधारे सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा समाप्ति के बाद आयोजित महापरसादी ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। अंत में संत आत्माराम महाराज ने इस शानदार धार्मिक आयोजन के लिए आयोजन समिति को साधुवाद दिया व सभी श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया।

# झांफली कलां के पशुपालक को मिला आर्थिक संबल

**बाड़मेर**, (नि.सं.)। शिव उपखंड की ग्राम पंचायत झांफली कलां के प्रगतिशील पशुपालक कैलाशदान का परिवार वर्षों से डेयरी एवं पशुपालन व्यवसाय से जुड़ा हुआ है। पशुधन ही उनके परिवार की आजीविका का प्रमुख आधार है। पशुओं में अचानक बीमारी अथवा दुर्घटना की स्थिति में होने वाले आर्थिक नुकसान की चिंता उन्हें हमेशा सताती रहती थी।

ग्रामीण सेवा शिविर में ।शुपालन विभाग की टीम ने उन्हें मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना की जानकारी दी तथा योजना के लाभ और क्लेम प्रक्रिया को सरल तरीके से समझाया। शिविर में ही उनका पंजीकरण कर बीमा पॉलिसी उपलब्ध करवाई गई। इससे पशुधन की सुरक्षा सुनिश्चित होने के साथ परिवार को आर्थिक संबल भी मिला।

कैलाशदान ने बताया कि पशुधन उनके परिवार की सबसे बड़ी पूंजी है। बीमा सुरक्षा मिलने से अब किसी अप्रत्याशित संकट की स्थिति में आर्थिक नुकसान की चिंता काफी हद तक कम हो गई है। उन्होंने मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना को पशुपालकों के लिए अत्यंत उपयोगी बताते हुए राज्य सरकार एवं पशुपालन विभाग का आभार व्यक्त किया। योजना ग्रामीण क्षेत्रों के पशुपालकों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान कर पशुपालन व्यवसाय को अधिक सुदृढ़ एवं सुरक्षित बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

# सांप से ज्यादा जहर है आदमी में : हबीब कैफ़ी

- जोधपुर में 'साहित्य संगम' की गोष्ठी में इंसानी फितरत व मौजूदा दौर की सच्चाई का शब्दांकन किया

**जोधपुर**, (कासं)। शहर की सबसे पुरानी साहित्यिक संस्था 'साहित्य संगम' की ओर से रेलवे स्टेशन क्षेत्र स्थित सेठ श्री रघुनाथदास परिहार धर्मशाला के सभागार में मासिक काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में शहर के प्रतिष्ठित कवियों ने काव्य रचनाओं की प्रस्तुति देकर इंसानी फितरत और मौजूदा दौर की सच्चाई का यथार्थ चित्रण किया।

संस्था के संस्थापक इंदीवर परिहार ने बताया कि गोष्ठी के प्रारम्भ में नामवर शाइर व आलोचक हबीब कैफी ने आज के दौर में मतलबपरस्त होते आदमी की ज़हरीली सोच की सच्चाई को बयां करते हुए गज़ल 'आपकी बातों ने साबित कर दिया, सांप से ज़्यादा ज़हर है आदमी में', वरिष्ठ साहित्यकार मीठेश निर्मोही ने दंगाग्रस्त शहर में दादी की व्यथा का शब्दों में यथार्थ चित्रण करते कविता 'अंगीठियाँ और चूल्हे अनसुलगे ही रहे, सुलगता रहा दादी मां का दिल, जब रह-रह उठ रहा था, धुंआ मेरे शहर में', तेजी से उभरती कवयित्री पूर्णिमा जायसवाल अदा ने समय की रफ़्तार के साथ मुखौटे बदलते इंसान की फितरत पर तंज़ कसते हुए गज़ल 'लोग जब चेहरा बदल के आ गये, आईने उस वक्त धोखा खा गये' एवं गजलकार सैयद मुनव्वर अली ने धन दौलत के खातिर दरकते रिश्तों पर गज़ल 'लगता ख़ूब अजीब है रिश्तों का संसार-अपने ही लटका रहे गर्दन पर तलवार' की प्रस्तुति देकर खूब दाद हासिल की। गोष्ठी में शाइर अशफाक अहमद फौजदार ने इश्क का जिक्र करते हुए गजल 'तू अपने इश्क का अफसाना लिख, तू उनका कैसे हुआ दीवाना लिख', रंग सृजनधर्मी प्रमोद वैष्णव ने आस्तीन के सांप वाले मुहावरे का तुलनात्मक विश्लेषण करते कविता 'सांप जंगल का हो या आस्तीन का, ज़हर होता है बराबर दोनों में', बुजुर्ग शाइर रज़ा मोहम्मद खान ने गज़ल 'उलझ के रह गया मैं सवालों में, जवाब खो गये मेरे कई रिसालों में' एवं रंगकर्मी रमेश भाटी ने दोहा 'सूरज अपनी रोशनी, दुनिया भर को देय, मैं अभागा छिपा रहा, मान खुदी को हेय' एवं नवांकुर पंडित सिद्धार्थ तिवारी ने 'अटल सत्य की दृढ़ता से जो खड़ा रहा समर के मग में' सुनाते हुए उपस्थित श्रोताओं को अभिभूत किया।

# पारख ने जल गृह का लोकार्पण किया

**पाली**, (नि.सं.)। श्रीमती चीमा बाई संचेती राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, पैकेज कॉलोनी, पाली में स्वर्गीय मयंक सोनी की पावन स्मृति में निर्मित मयंक जल गृह का लोकार्पण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। यह जल गृह भामाशाह शंकरलाल सोनी, प्रधानाचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय आवासन मंडल, पाली एवं उनके परिवार द्वारा उनके पुत्र स्वर्गीय मयंक सोनी की स्मृति में,छात्राओं की सुविधा हेतु समर्पित किया गया।

संस्था प्रधान पंकज शर्मा ने बताया कि जल गृह का उद्घाटन पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख तथा पूर्व सभापति नगर परिषद पाली महेंद्र बोहरा के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ।

समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख ने भामाशाह परिवार के इस सेवा एवं परोपकार के कार्य की सराहना करते हुए कहा कि समाज में ऐसे प्रेरणादायी कार्य अनुकरणीय हैं ,आपने सभी से स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग करने आव्हान किया। पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा ने महाराणा प्रताप जयंती के पावन अवसर पर बालिकाओं के हित में किए गए इस पुनीत कार्य को अत्यंत सराहनीय बताया। समारोह में जिला शिक्षा अधिकारी राहुल राजपुरोहित, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दिलीप करमचंदानी, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद लखेरा, यूसीईईओ बसंत परिहार , प्रधानाचार्य शोभा सोनी,पूर्व एडीईओ पन्नालाल सोनी सहित विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में जल गृह विद्यालय परिवार को समर्पित किया गया।



चीमा बाई संचेती राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय पैकेज कॉलोनी पाली में मयंक जल गृह का लोकार्पण समारोह आयोजित हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत

इस अवसर पर पूर्व पार्षद किशोर सोमनानी, कैलाश चौहान, रिखब मरलेचा, समाज सेवी नरेंद्र वर्मा,दीपक जैन, रमेश परिहार, राणमल जैन, मेघराज बम्ब, देवीलाल सांखला,मधु बाहेती , विद्यालय भवन के भामाशाह अनिल संचेती, सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भामाशाह परिवार का सम्मान कर उनके इस जनहितकारी योगदान की प्रशंसा की।

जल गृह निर्माण के प्रेरक पूर्व प्रधानाचार्य एवं प्रदेश उपाध्यक्ष राधेश्याम सोनी एवं विद्यालय परिवार ने भामाशाह परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संजीव शर्मा, प्रदेश संयुक्त महिला मंत्री कृष्णा शर्मा, जिला मंत्री रतन बारूपाल, प्रदेश संयुक्त मंत्री जब्बर सिंह राठौड़, सुशीला, आराधना प्रजापत, जया करमचंदानी, यजुवेन्द्र खेमलानी, जयपाल सिंह,राजेश गौड़, मनोज भटनागर,दिनेश बामनिया, कन्हैयालाल चौहान, नरेंद्र सोनी,मेहुल सोनी, कुलदीप व्यास, महेंद्र आसेरी, दिनेश बामनिया,नरेश बोहरा,घनश्याम चौहान, दलपत राज रांकावत, संतोष चौधरी,मनीषा बोराणा,दिया रानी,मैना देवीसहित अनेक राजस्थान प्राथमिक एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी एवं लोग उपस्थित रहे।

पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख एवं पूर्व सभापति महेंद्र बोहरा, स्वर्णकार समाज के पदाधिकारी देवीलाल सोनी,महेश सोनी योग प्रशिक्षक विजयराज सोनी ने भामाशाह परिवार के सभी सदस्यों का साफा, शाल, माला,उपरना पहना बहुमान किया

समारोह के दौरान अतिथियों एवं भामाशाह परिवार द्वारा स्वर्गीय मयंक सोनी की स्मृति में वृक्षारोपण किया । कार्यक्रम का संचालन हितेश रामावत, प्रधानाचार्य सोडावास ने किया तथा अंत में विद्यालय परिवार ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# पोकरण में भक्ति रस में लीन रहे श्रद्धालु, झांकियों ने मोहा मन

**पोकरण,** (नि.सं.)। पोकरण शहर केअंजनी माता गौशाला, सालम सागर हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा पुराण यज्ञ के सातवें दिन कथा पांडाल श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। व्यास पीठ से संत तारा देवी व्यास ने श्रीमद्भागवत महापुराण के विविध प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन करते हुए श्रद्धालुओं को धर्म, भक्ति, सदाचार एवं मानव कल्याण का संदेश दिया। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर भगवान के जयकारों से वातावरण को भक्तिमय बनाते रहे।

संत तारा देवी व्यास ने अपने प्रवचनों में भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, सुदामा चरित्र, उद्धव-गोपी संवाद, भक्तों पर भगवान की कृपा तथा जीवन में सत्संग और भक्ति के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

इस मौके पर उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि जीवन को सही दिशा देने वाला आध्यात्मिक मार्ग है। कथा सुनने मात्र से मनुष्य के भीतर सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है तथा जीवन में सुख, शांति और समृद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है।

उन्होंने बताया कि भगवान अपने भक्तों की सच्ची श्रद्धा और समर्पण से प्रसन्न होकर उनके सभी कष्टों का निवारण करते हैं। भक्ति में शक्ति है और जो व्यक्ति भगवान का स्मरण करते हुए धर्म के मार्ग पर चलता है, उसे जीवन में कभी निराशा का सामना नहीं करना पडता। कथा के दौरान श्रद्धालु मंत्रमुग्ध होकर कथा श्रवण करते रहे।

कथा के बीच प्रस्तुत की गई आकर्षक एवं जीवंत झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं, रासलीला, सुदामा मिलन एवं अन्य धार्मिक प्रसंगों पर आधारित झांकियों को देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कलाकारों द्वारा किए गए सुंदर मंचन और मनोहारी प्रस्तुतियों पर श्रद्धालुओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से उत्साहवर्धन किया।

भागवत कथा के समापन अवसर पर भजनों एवं संकीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु भक्ति की धुनों पर झूम उठे।

पूरा कथा पांडाल ''राधे-राधे'', ''जय श्रीकृष्ण'' और ''हरे राम-हरे कृष्ण'' के जयघोषों से गुंजायमान हो गया। महिला, पुरुष, युवा एवं बुजुर्ग सभी श्रद्धालु भक्ति भाव में नृत्य करते नजर आए। कथा के समापन पर महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर सुख-समृद्धि एवं लोककल्याण की कामना की।

आयोजन समिति की ओर से कथा में पधारे सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया गया तथा धर्म लाभ लेने के लिए अधिक से अधिक लोगों से ऐसे आध्यात्मिक आयोजनों से जुडने का आ ान किया गया।

कथा स्थल पर व्यवस्था बनाए रखने में समिति सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण भक्तिमय और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत रहा।

# गुजरात में हुई बस दुर्घटना में डूंगरपुर और बांसवाड़ा के सात लोगों की मौत

## 27 यात्री घायल हुए, हादसे के समय बस में अधिकांश यात्री गहरी नींद में थे

**डूंगरपुर,** (निसं)। गुजरात के वड़ोदरा शहर में बुधवार तड़के हुए सड़क हादसे में नौ साल के बच्चे सहित सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 27 यात्री घायल हो गए। मरने वाले सभी लोग डूंगरपुर और बांसवाड़ा के रहने वाले थे। बांसवाड़ा से सूरत (गुजरात) जा रही बालाजी ट्रैवल्स की स्लीपर बस कोटंबी स्टेडियम (वड़ोदरा) के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से जा टकराई। हादसे के समय अधिकांश यात्री गहरी नींद में थे। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुर्घटना सुबह करीब चार बजे हुई। दुर्घटना के बाद बस में चीख-पुकार मच गई। कई यात्री बस के अंदर फंस गए। सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ एनडीआरएफ और वड़ोदरा अग्निशमन विभाग की टीमें पहुंचीं। एनडीआरएफ की छठी बटालियन के कमांडेंट सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सुबह 4.40 बजे कंट्रोल रूम को दुर्घटना की सूचना मिली थी। टीम ने आधुनिक उपकरणों और कटिंग मशीनों की सहायता से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। जिले के पाडवा की रहने वाली पिंकी भाटिया, डूंगरपुर के टामटिया की रहने वाले प्रीत पुत्री हितेश भाटिया, डूंगरपुर निवासी महेंद्र




**हादसे में बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।**

कुमार पुत्र भोगीलाल पांड्या, डूंगरपुर के सागवाड़ा निवासी विनोद पुत्र नरेश डामोर और ड्राइवर डूंगरपुर के राजवाड़ा निवासी ड्राइवर मुकेश पुत्र जीवाजी डिंडोर की मौत हो गई। इसके अलावा मृतकों में हरजिंगभाई वलजीभाई कटारा और एक अज्ञात व्यक्ति शामिल है। प्रीत की मां पायल नाई घायल हो गई है। बच्चे की मौत और महिला के घायल होने की खबर के बाद परिवार के लोग वडोदरा के लिए रवाना हो गए हैं। गांव में भाटिया समाज के चार घर हैं, जो एक ही परिवार के बताए जा रहे हैं। इसी क्रम में घायलों में पायल नाई, पिंकी रावल, मनीषा रावल, रामचंद्र डोरिया, शिल्पा पाटीदार, महेंद्र कटारा, आशीष यादव, आशीष कटारा, बंसीलाल राणे, जीवराज भाई, गुंजनबेन, नाराचया, पिंटू चरपोट, विजय कटारा, भैरूलाल मीना, सीमा यादव, सागर कटारा, भगवती भाई, कल्पेश गौर, पैलबेन नाई, शील, सुरेशभाई डिंडोर, रमेशभाई, पंकज भाई चरपोट, कमलेश भाई कटारा, मायाबेन पाटीदार सहित अन्य यात्री शामिल हैं।

वडोदरा के एसएसजी अस्पताल के आरएमओ डॉ. हितेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि हादसे के बाद 27 घायलों को हॉस्पीटल लाया गया है। इसमें से 2 की हालत गंभीर है। उन्हें आईसीयू में भर्ती किया है। डॉक्टरों ओर नर्सिंगकर्मियों की टीम

- बांसवाड़ा से सूरत जा रही बालाजी ट्रैवल्स की स्लीपर बस वड़ोदरा के पास सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई
- प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार या ड्राइवर की लापरवाही को हादसे की वजह माना जा रहा है, जांच शुरू

अलर्ट मोड में हैं। फिलहाल दुर्घटना के वास्तविक कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक तौर पर तेज रफ्तार या ड्राइवर की लापरवाही को हादसे की वजह माना जा रहा है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए ट्रैफिक जाम हो गया। बाद में ट्रक और क्षतिग्रस्त बस को हटाकर यातायात सुचारु कर लिया गया था। हादसे की सूचना मिलते ही बस में सफर कर रहे यात्रियों के परिजनों में चिंता बढ़ गई। कई परिवार फोन और अन्य माध्यमों से अपने रिश्तेदारों की जानकारी जुटाने में लगे रहे।

# अलवर के मालाखेड़ा में जमीन विवाद में फायरिंग, एक घायल

## जमीन के टुकड़े को लेकर सगे भाई और करीबी रिश्तेदार का विवाद बताया जा रहा है

**अलवर,** (निसं)। अलवर के मालाखेड़ा थाना इलाके के बडेर गांव में जमीन के एक टुकड़े को लेकर दो परिवारों के बीच विवाद इस कदर बढ़ गया कि बात सीधे लाठी-डंडों, पथराव और खुलेआम फायरिंग तक पहुंच गई। इस हिंसक झड़प में एक व्यक्ति के पैर में गोली लग गई, जिससे वह लहूलुहान होकर वहीं जमीन पर गिर पड़ा। घटना के बाद पूरे गांव में हड़कंप मच गया और मौके पर चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने

- ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू की

मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी है।

स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक इस खूनी संघर्ष में आमने-सामने आए दोनों पक्ष कोई और नहीं, बल्कि आपस में सगे भाई और करीबी रिश्तेदार हैं।

इन दोनों भाइयों के बीच काफी लंबे समय से पैतृक जमीन के बंटवारे को लेकर आपसी मनमुटाव और कानूनी विवाद चल रहा था। बीते सोमवार को एक पक्ष ट्रैक्टर लेकर विवादित खेत को जोतने के लिए पहुंच गया। जब दूसरे पक्ष ने इसका विरोध किया, तो पहले उनके बीच तीखी कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते गाली-गलौज और फिर लाठी-डंडों से मारपीट में बदल गई।

## महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाया

**जोधपुर,** (कासं)। कमिश्नरेट के जिला पश्चिम में कुड़ी भगतासनी पुलिस थाना क्षेत्र में एक महिला ने अपने पूर्व मित्र पर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़िता का आरोप है कि अश्लील वीडियो और फोटो से उसे ब्लैकमेल कर सार्वजनिक करने की धमकी दे रहा है। पीड़िता की रिपोर्ट पर अब जांच की जा रही है। पुलिस को दी रिपोर्ट में पीड़िता ने बताया कि करीब दस-बारह वर्ष पूर्व उसकी एक युवक से दोस्ती हुई और बाद में दोनो के बीच घनिष्ठता बढ़ने पर संबंध भी बन गए। इस दौरान उसके वीडियो और फोटोग्राफ्स भी खींच लिए गए। आरोपी युवक ने शादी के बाद भी उसका पीछा नहीं छोड़ा और फोटो वीडियो सार्वजनिक करने की धमकियां दे रहा है।

# सीकर में 30 साल के युवक की संदिग्ध मौत

**सीकर,** (निसं)। सीकर में 30 साल के युवक की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। युवक का शव रेस्टोरेंट के एक कमरे में मिला। परिजनों की मौजूदगी में मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमॉर्टम करवाया गया। हालांकि परिजन मोर्चरी के बाहर धरने पर भी बैठे रहे। पुलिस अब पूरे मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार शव मिलने की सूचना पर परिजन रेस्टोरेंट पहुंचे तो मृतक की नाक पर चोट के निशान मिले। उसे तुरंत हॉस्पिटल ले जाया गया। परिजनों ने कहा कि जिस रेस्टोरेंट पर विजय का शव मिला है, उसके जरिए ही 27 मई को विजय ने एक प्लॉट करीब 30-35 लाख रुपए में बेचा था।

एसएचओ गोकुलपुरा प्रीति बेनीवाल ने बताया कि मंगलवार शाम दासा की ढाणी फाटक के पास स्थित शेखावाटी रेस्टोरेंट से सूचना मिली कि एक युवक मृत अवस्था में मिला है। ऐसे में पुलिस टीम मौके पर पहुंची। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का पता लग सकेगा। मृतक विजय जांगिड़ (30) पुत्र बनवारीलाल जांगिड़ निवासी राधाकिशनपुरा का रहने वाला था। और फर्नीचर ठेकेदारी का काम करता था। वह सात भाई-बहनों में तीसरे नंबर का था। विजय मंगलवार सुबह 11:30 बजे अपने घर से निकला था।




**मंडफिया : भगवान श्री सांवलिया जी सेठ मंडफिया के दरबार में 14 जून चतुर्दशी को खोले गए भंडार की शेष रही राशि की गिनती बुधवार को मंदिर बोर्ड अध्यक्ष हजारी दास वैष्णव की उपस्थिति में दूसरे चरण में हुई। दूसरे चरण से भंडार से 8 करोड़ 26 लाख 46 हजार 200 रुपए नगद प्राप्त हुए। इससे पूर्व प्रथम चरण में हुई भंडार गिनती से 17 करोड़ 55 लाख रुपए नगद प्राप्त हुए थे। दोनों चरणों को मिलाकर 25 करोड़ 81 लाख 46 हजार 200 रुपए नगद प्राप्त हुए। भंडार गिनती में मंदिर बोर्ड अध्यक्ष वैष्णव, सदस्य पवन तिवारी, संपदा प्रभारी भेरूगिरी गोस्वामी, मनोहर लाल चोबीसा सहित मंदिर एवं बैंकों के कर्मचारी उपस्थित थे।**

## सीकर में युवक और युवती ने सुसाइड किया

**सीकर,** (निसं)। सीकर में एक युवक और युवती के सुसाइड का मामला सामने आया है। युवक ने सीकर के सदर थाना इलाके के नानी बीहड़ में सुसाइड किया, जबकि युवती ने कोतवाली थाना इलाके में अपने कमरे में सुसाइड कर लिया। पुलिस ने पोस्टमार्टम करवाकर दोनों के शव परिजनों को सौंप दिए हैं

सदर थाना इलाके में 22 साल के युवक अभिषेक उर्फ मोनू ने नानी बीहड़ में सुसाइड किया। जिसने पेड़ पर फंदा लगा लिया। सुबह ग्रामीणों की सूचना पर सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद शव का पोस्टमॉर्टम करवाया। मौके से कोई भी सुसाइड नोट नहीं मिला। वहीं कोतवाली थाना इलाके में जगमालपुरा फाटक के पास 20 साल की युवती शहनाज ने सुसाइड कर लिया। हैड कॉन्स्टेबल कल्याण सिंह ने बताया कि युवती मानसिक अवसाद में थी, जो मूल रूप से श्रीगंगानगर की रहने वाली है, लेकिन वर्तमान में अपने परिवार के साथ सीकर में ही रहती थी।

# नीट अभ्यर्थी उमेश की संदिग्ध मौत मामले की जांच जारी

**नवलगढ़/सीकर,** (निसं)। नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे 22 वर्षीय छात्र उमेश माली की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत ने न केवल उसके परिवार बल्कि पूरे शिक्षा जगत को स्तब्ध कर दिया है। नवलगढ़ क्षेत्र के वीणादास की ढाणी कारी निवासी उमेश की मौत के मामले में उद्योग नगर थाना पुलिस गहन जांच में जुटी हुई है। घटनास्थल से एक नोट मिलने के बाद पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार उमेश माली नीट परीक्षा का तीसरा प्रयास कर रहा था। पहले दो प्रयासों में उसने कोचिंग संस्थानों के माध्यम से तैयारी की थी, जबकि इस बार वह घर पर रहकर

- घटनास्थल से एक नोट मिलने के बाद पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है
- पहले दो प्रयासों में कोचिंग संस्थानों के माध्यम से तैयारी की थी, जबकि इस बार घर पर रहकर स्वअध्ययन कर रहा था

स्वअध्ययन कर रहा था। आगामी 21 जून को प्रस्तावित परीक्षा से ठीक पहले हुई इस घटना ने कई प्रश्न खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार उमेश अपने परिवार के साथ सीकर स्थित एक रेजीडेंसी में रह रहा था। सोमवार सुबह वह अपनी मां को वीणादास की ढाणी छोड़कर वापस लौटा था। उस समय घर में वह अकेला था, जबकि उसकी बड़ी बहन और छोटा भाई कोचिंग के लिए गए हुए थे। दोनों के वापस लौटने पर घटना का पता चला, जिसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक साक्ष्य एकत्रित किए तथा घटनास्थल से मिले नोट को भी कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार नोट में लिखा था, मैं बहुत दूर जा रहा हूं, पता नहीं कहां जा रहा हूं, सॉरी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच की जा रही है और सभी तथ्यों का परीक्षण किया जा रहा है।

घटना के बाद परिवार गहरे सदमे में है और विस्तृत बयान अभी सामने नहीं आ पाए हैं। पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही घटना के कारणों को लेकर स्पष्ट स्थिति सामने आ सकेगी। फिलहाल पूरे मामले पर क्षेत्रवासियों और विद्यार्थियों की नजरें टिकी हुई हैं। एक होनहार छात्र की असमय मौत ने एक बार फिर युवाओं पर बढ़ते शैक्षिणक दबाव, प्रतियोगी परीक्षाओं की चुनौतियों और परीक्षा व्यवस्था में विश्वास से जुड़े सवालों को चर्चा के केंद्र में ला दिया है।

# नीट पेपर लीक में सरकार ने उचित कार्रवाई नहीं की : सचिन पायलट

## राहुल गांधी के दौरे को लेकर सचिन पायलट भी कोटा पहुंचे

**कोटा,** (निसं)। राहुल गांधी के दौरे को लेकर सचिन पायलट भी कोटा पहुंचे। पूर्व उपमुख्यमंत्री पायलट का सर्किट हाउस में कार्यकर्ताओं में स्वागत किया। इस दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि देश की शिक्षा प्रणाली और परीक्षा का व्यवस्था से लाखों बच्चे और परिवार शिकार हो गए हैं। नीट पेपर लीक से 22 लाख बच्चों से धोखा हुआ और उनका विश्वास टूट गया। सीबीएसई

- नीट पेपर लीक से 22 लाख बच्चों से धोखा हुआ : सचिन पायलट

ने कॉपी की चेकिंग में भी प्रॉब्लम आई है। लगातार जवाब देने से भागने का काम सरकार कर रही है। सीबीआई की जांच जारी है, लेकिन अभी तक ना शिक्षा मंत्री ने इस्तीफा दिया है, ना ही कोई प्रभावी कार्रवाई की है।

पायलट ने कहा कि राहुल गांधी ने अभियान चालू किया है यह देश की भावना से जुड़ा हुआ है। अपना भविष्य ढूंढ रहे देश के नौजवान और मेहनत कर परिवार का पेट काटकर बच्चों को पढ़ा रहे परिवार संकट से गुजर रहे है। इस व्यवस्था ने राजस्थान समेत पूरे देश में कई नौजवानों को आत्महत्या करने पर मजबूर किया गया है। इस व्यवस्था के विरुद्ध में नौजवान छात्रों से संवाद करने, रिस्पांसिबिलिटी और अकाउंटेबिलिटी तय करने के लिए राहुल गांधी ने मुहिम छेड़ी है। उसकी पहल कोटा से हुई है। बड़ी संख्या में कोटा में बच्चे पढ़ते हैं। साथ ही जो युवा भविष्य के बारे में चिंतित थे उनसे संवाद है। सोई हुई सरकार हर जुर्म से मुंह फेर रही है। कोटा में राहुल गांधी के कार्यक्रम में बच्चों को नहीं भेजने का दबाव बनाया गया, दूसरी तरफ पोस्टर बैनर भी हटाए गए।

## आसाराम की तबीयत बिगड़ी

**जोधपुर,** (कासं)। सेंट्रल जेल में उम्रकैद की सजा काट रहे आसाराम की तबीयत एक बार फिर अचानक बिगड़ गई है। स्वास्थ्य में गिरावट आने के बाद उन्हें कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच एम्स जोधपुर में भर्ती कराया है, जहां डॉक्टरों की एक अलग टीम उनकी जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार आसाराम का पिछले कुछ दिनों से आरोग्यम अस्पताल में इलाज चल रहा था। वहां उनकी सेहत में सुधार न होने और कुछ जांचों की आवश्यकता को देखते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने उन्हें एम्स जोधपुर में शिफ्ट करने के आदेश दिए थे। हाईकोर्ट के इन्हीं आदेशों की पालना में जेल प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उन्हें एम्स पहुंचाया है। आसाराम के समर्थकों की भीड़ को देखते हुए पुलिस ने कड़ी व्यवस्था की। सेंट्रल जेल और आरोग्यम अस्पताल से लेकर एम्स परिसर तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए। पुलिस की गाड़ियों और हथियारबंद जवानों के कड़े घेरे में आसाराम को अस्पताल के भीतर ले जाया गया। एम्स जोधपुर पहुंचने के बाद वरिष्ठ और विशेषज्ञ डॉक्टरों की एक विशेष टीम ने तुरंत आसाराम के स्वास्थ्य की कमान संभाल ली है।

## मसूदा में नील गाय घायल अवस्था में मिली

**मसूदा,** (कासं)। निकटवर्ती ग्राम देवमगरी बुधवार को एक नील गाय गोली लगने से घायल अवस्था मे मिली। मिली जानकारी के अनुसार नरेगा मेट सांवरलाल साइड पर हाजरी भरने मौके पर पहुंचा, वहां पास में एक नीलगाय घायल मिली, जिसके गोली लगी हुई थी। गोली लगने से घायल नील गाय के जंगली कुत्ते द्वारा उसके कान काट लिए। घटना की जानकारी देव मंडल टीम को मिलने पर ज मौके पर पहुंची। घायल नील गाय को देव मंगरी पशु उप स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया जहां उसका प्राथमिक उपचार किया गया। वन विभाग को नील गाय के घायल होने की जानकारी मिलने पर वन विभाग से वनपाल सांवरलाल एवं सेठाराम ने मौके पर पहुंचकर आगे खरवा वन कार्यालय में पहुंचाया। सूचना पर नीलगाय को वंदे गौ मातरम चेरिटेबल ट्रस्ट ब्यावर उपचार के लिए पहुंचा दिया गया है।

# जोधपुर के बासनी थाने में पूछताछ के लिए बुलाए युवक ने जहर खाया, मौत

**जोधपुर,** (कासं)। जोधपुर के बासनी थाने में पूछताछ के लिए बुलाए युवक ने जहर खा लिया। इलाज के दौरान अस्पताल में युवक की मौत हो गई। परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया और एम्स अस्पताल में धरने पर बैठ गए। वे पुलिस पर कार्रवाई और आश्रित को सरकारी नौकरी, मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं।

- इलाज के दौरान अस्पताल में युवक की मौत हो गई, परिजनों ने शव लेने से इनकार किया
- महिला के गायब होने के मामले में युवक को मंगलवार को पूछताछ के लिए थाने बुलाया था
- परिजनों ने धरना देकर पुलिस पर कार्रवाई और आश्रित को सरकारी नौकरी, मुआवजे की मांग की

पुलिस के अनुसार सर गांव निवासी तीस वर्षीय अमृत वैष्णव की मौत हुई है। महिला के गायब होने के मामले में मंगलवार दोपहर करीब 2.30 बजे पूछताछ के लिए थाने आया था। पुलिस का कहना है कि युवक अपने साथ जहर लेकर आया था। मौका पाकर जहर खा लिया। युवक के चाचा दलपत ने बताया कि अमृत की शादी हो गई थी, लेकिन गौना नहीं हुआ था। वह पिछले कुछ साल से एक महिला से बात करता था। वह महिला 11-12 दिन पहले घर से गायब हो गई। उसके परिजनों ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में 12 जून को अमृत को पूछताछ के लिए बासनी थाने बुलाया गया था। मैं भी उसके साथ आया था। पुलिस ने पूछताछ के बाद वापस भेज दिया। दलपत ने बताया कि सोमवार शाम को हैड कॉन्स्टेबल सतपाल सिंह का कॉल आया, उसने कहा था कि यदि मंगलवार को वह महिला नहीं मिली तो तुम्हें अंदर डाल दूंगा। इसके चलते भतीजा टेंशन में आ गया था। वह रात भर सो नहीं पाया। 16 जून को सुबह जल्दी थाने से कॉल आ गया। भतीजे ने उसे दोपहर में बताया कि पुलिस थाने बुला रही है, तब वह भतीजे को लेकर थाने पहुंचा। थाने में गायब महिला के पक्ष की 4-5 महिलाएं मौजूद थीं। अमृत थाने में अंदर गया तो महिलाओं ने उसका गला पकड़ने की कोशिश की। बाद में अमृत को पुलिस एक कमरे में पूछताछ के लिए लेकर चली गई। मैं 5 मिनट तक बाहर खड़ा रहा। बाद में उन महिलाओं ने विरोध कर मुझे थाने से बाहर निकलवा दिया। जब में स्वागत कक्ष में जाकर बैठा तो मुझे वहां से भी बाहर भेज दिया गया।

दलपत ने बताया कि अमृत को ढाई घंटे तक वापस नहीं भेजा तो मैं थाने के अंदर गया और पुलिस वालों से कहा कि पूछताछ पूरी हो गई हो तो इसे भेज दीजिए। हमारा टिफिन सर्विस का काम है। टिफिन सप्लाई करने जाना है। इस पर पुलिस ने कहा कि आज इसे पट्टे मारेंगे तब सच बताएगा कि महिला को कहां गायब करवाया है, जबकि 12 जून को हुई पूछताछ में पुलिस को सबकुछ बता दिया था, कि महिला को गायब करने में इसका कोई रोल नहीं है। इस पर भी पुलिस ने अमृत को नहीं छोड़ा और मुझे थाने से भगा दिया। मैंने पुलिस से अमृत का मोबाइल मांगा था, लेकिन देने से मना कर दिया। मेरे वहां से रवाना होते समय अमृत ने मुझे अपना पर्स दिया था। मैं शाम करीब 4.30 बजे पाल शिल्पग्राम पहुंचा था तो अमृत के फोन से पुलिस ने मुझे फोन किया कि आप थाने आ जाओ इसने जहर खा लिया है। कहा कि सीधे एम्स आ जाओ इसे एम्स में एडमिट कराया है।

अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी) वेस्ट नरेंद्र सिंह देवड़ा ने बताया कि बासनी थाने में एक महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज थी, इस मामले में अमृतलाल संदिग्ध था, क्योंकि जब सीडीआर खंगाली गई थी तो सबसे ज्यादा फोन अमृत के फोन से किए गए थे। उसके फोन से 251 कॉल किए गए थे, भागने के बाद का लास्ट कॉल भी अमृत के मोबाइल पर ही किया गया था। उन्होंने बताया कि अमृत ने पूछताछ में बताया कि वह करीब 5 साल से उस महिला से बात करता है। थाने में जांच अधिकारी पूछताछ के बाद इधर-उधर हुए तो उसने जहर खा लिया, उसके बाद उसने पुलिस को बताया कि उसने जहर खा लिया है। उसके बाद उसे एम्स ले जाया गया। उन्होंने बताया कि एम्स लाने के बाद थाने के अंदर घटना होने के चलते जुडिशियल मजिस्ट्रेट को भी इन्फॉर्म किया गया था। वह भी एम्स हॉस्पिटल पहुंचे, जहां उसके बयान रिकॉर्ड किए गए। उसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

देवड़ा ने कहा कि अब तक की जांच में सामने आया है कि जब उसने जहर खाया तो उसने पुलिस को बताया कि उस महिला ने उसे धोखा दे दिया था। इसके चलते उसे नहर चौराहे से जहर खरीदा था। जिस जगह घटना हुई थी, वहां पर कैमरे लगे हुए थे, जिसकी भी लापरवाही रही है वो रिकॉर्ड में आ जाएगी।

# को-ऑपरेटिव बैंक ने सवा चार लाख लेकर फर्जी एफडीआर दी

## श्रीगंगानगर में को-ऑपरेटिव मिनी बैंक की डूंगरसिंहपुरा ब्रांच का मामला

**श्रीगंगानगर,** (निसं)। श्रीगंगानगर में को-ऑपरेटिव मिनी बैंक की डूंगरसिंहपुरा ब्रांच में दो भाइयों को सवा चार लाख रुपए जमा कराने के बाद फर्जी एफडीआर थमा दी गई। जब दोनों भाई पैसों की जरूरत पड़ने पर एफडी भुनाने पहुंचे तो बैंक ने साफ मना कर दिया। अब बैंक मैनेजर विनोद कुमार समेत अन्य कर्मचारियों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

गांव गणेशगढ़ निवासी सुनील कुम्हार ने लालगढ़ जाटान पुलिस स्टेशन में दी गई शिकायत में बताया कि 13 मई 2025 को उन्होंने और उनके भाई ने मिनी बैंक डूंगरसिंहपुरा में 4 लाख 24 हजार 72 रुपए की चार एफडीआर दो साल के लिए बनवाई थीं। बैंक मैनेजर विनोद कुमार ने भरोसा दिलाया था कि उनका बैंक अन्य बैंकों की तुलना में ज्यादा ब्याज

- जब दोनों भाई पैसों की जरूरत पड़ने पर एफडी भुनाने पहुंचे तो बैंक ने साफ मना कर दिया, अब बैंक मैनेजर विनोद कुमार समेत अन्य कर्मचारियों पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया
- जांच कराई तो पता चला कि बैंक मैनेजर ने अन्य कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर पैसे हड़प लिए

देता है। सुनील ने तीन और उनके भाई ने एक एफडी बनवाई। मैनेजर ने बैंक की मोहर लगाकर और हस्ताक्षर करके सभी एफडीआर सौंप दी। 4 मई को जरूरत पड़ने पर जब दोनों भाई एफडी तुड़वाने बैंक पहुंचे तो कर्मचारियों ने पहले टालमटोल किया। कभी कुछ दिन बाद आइए तो कभी दूसरे बहाना बनाते रहे।

आखिरकार बैंक ने कह दिया कि उनके यहां ऐसी कोई एफडीआर दर्ज ही नहीं है। जब सुनील कुम्हार और उनके भाई ने जांच कराई तो पता चला कि बैंक मैनेजर विनोद कुमार ने अन्य कर्मचारियों के साथ मिलीभगत कर उनके पैसे हड़प लिए और फर्जी एफडीआर बनाकर दे दिए। फिलहाल पुलिस ने शिकायत पर बैंक मैनेजर विनोद कुमार सहित अन्य कर्मचारियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एएसआई चैनसिंह कर रहे हैं।

## सार-समाचार

### लूणी को प्रदूषण मुक्त करने का अभियान

**बालोतरा**, (निसं)। वर्षों से औद्योगिक प्रदूषण की मार झेल रही लूणी नदी को स्वच्छ बनाने की दिशा में अब निर्णायक पहल शुरू हो गई है। और के सख्त निर्देशों के बाद राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल और कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट ने नदी में जमा प्रदूषित स्लज को हटाने का विशेष अभियान शुरू किया है। लंबे समय से औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले अपशिष्ट के कारण लूणी नदी का जल और आसपास का पर्यावरण गंभीर रूप से प्रभावित हो रहा था। अब नदी की सफाई का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में बालोतरा से लेकर तिलवाडा, भीमरलाई और वजावास क्षेत्र तक नदी के किनारों और तल में वर्षों से जमा प्रदूषित स्लज, रासायनिक अपशिष्ट और अन्य कचरे को हटाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। प्रशासनिक सख्ती के चलते फिलहाल बालोतरा, जसोल और बिठूजा क्षेत्र की कपडा उद्योग से जुडी 8000 से अधिक इकाइयों में उत्पादन कार्य प्रभावित हुआ है। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि पर्यावरण संरक्षण और क्षेत्र के लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए यह कदम बेहद जरूरी है। स्थानीय लोगों और पर्यावरण प्रेमियों का कहना है कि यदि सफाई अभियान प्रभावी ढंग से जारी रहा और औद्योगिक इकाइयों द्वारा प्रदूषण नियंत्रण मानकों की सख्ती से पालना की गई, तो आने वाले समय में लूणी नदी अपना स्वच्छ और प्राकृतिक स्वरूप फिर से प्राप्त कर सकेगी। प्रशासन का कहना है कि प्रदूषण फैलाने वाली इकाइयों के खिलाफ लगातार निगरानी और कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि भविष्य में नदी को दोबारा प्रदूषित होने से रोका जा सके। लूणी नदी को प्रदूषण मुक्त बनाने की यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह क्षेत्र के लाखों लोगों के स्वास्थ्य, कृषि और भूजल संरक्षण के लिए भी नई उम्मीद लेकर आई है। सफाई अभ्यिान के सफल होने से लूणी नदी से प्रदूषण मुक्त होने की लोगों में उम्मीद जगी है।

### सन स्टार क्लब ने क्रिकेट टूर्नामेंट जीता

**जालोर**, (कासं)। जालोर शहर के जेसीसी क्रिकेट क्लब की ओर से स्व. आमसिंह भायल की स्मृति में मई-जून माह में समर क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। जेसीसी क्रिकेट क्लब के संस्थापक सदस्य एल.आर. सुंदेशा ने बताया कि जालोर शहर स्थित कॉलेज ग्राउंड पर बुधवार को आयोजित हुए समर क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में टीम सन स्टार क्रिकेट क्लब ने जय श्री राम क्रिकेट क्लब को 24 रनों से पराजित किया। फाइनल मुकाबले में टीम सन स्टार ने राजेश की कप्तानी में निर्धारित 15 ओवर में कुल 145 रन बनाएं जिसके जवाब में जय श्री राम क्रिकेट क्लब केवल 121 रन ही बना सकी। उन्होंने बताया कि दोनों टीमों की तरह से फाइनल मैच में कुलदीप चौधरी, सुनील कपूरिया, दिनेश कृपलानी, मुकेश परिहार, जगमाल सिंह, भूपेंद्र मकवाना, सुरेंद्र सिंह उण, सुरेश बिश्नोई, प्रशांत चौधरी, रोहित सिंह, संजु अहमदाबाद, शैलेश लोधी, सोमेश, नरपत, सौरव, दिलीप ने बेहतरीन खेल दिखाया। मैच में निर्णायक एवं उद्घघोषक की भूमिका यशवंत सैनी व याज्ञवेंद्र सिंह ने निभाई तथा स्कोरर संजय दहिया रहे। उन्होंने बताया कि समर टूर्नामेंट में बेस्ट बैट्समैन किशन सिंह, बेस्ट बॉलर सुरेंद्र सिंह उण एवं बेस्ट फील्डर प्रशांत चौधरी रहे। इस अवसर पर संजय सिद्धावत, दिनेश जांगिड, मगन प्रजापत, देवराज माली, संजय मीणा, लक्ष्मण सिंह भाटी, विक्रम राजपुरोहित, एडवोकेट गजेंद्र सुंदेशा, महावीर मीणा, अरविंद कुमार, भरत सुंदेशा, अनिल सुंदेशा, प्रकाश, गोपाल, भींवजी, संजय राव, ह?मत सिंह, कश्मीर सिंह, बंटी सिंह, सी आर भाटी, किरण राजपुरोहित, वीरेंद्र सिंह भायल, जनक कुमार, कुनाल, सुरेश, आयुष बजाज, राहुल स्वामी, नरपत सुंदेशा, राजू माली, अशोक सैन, राहुल सोनी, जीतू सोनी, हामिद, गोविन्द, मुकेश, प्रवीण, पंकज मीना, नरेश, ध्रुव, विश्वजीत सहित क्रिकेट प्रेमी उपस्थित रहे।

### हृदय रोग से बचाव के तरीके बताए

**फलोदी**, (कासं)। सुप्रसिद्ध कार्डियोलॉजिस्ट डॉ विकास गुप्ता का कहना है कि हृदय रोग से बचने के लिए मस्त रहे एवं पूरी नींद लेंवे । संतुलित भोजन, पूरी नींद और हर तरह के तनावसे बच कर हम अपने हृदय को स्वस्थ रख सकते हैं । डॉ विकास गुप्ता ने दूसरा दशक के जीवन कौशल आवासीय प्रशिक्षण में भाग ले रही किशोरियों के सवालों के जवाब में ये बातें कही। लक्ष्मी, चुका, रीनू , रवीना व रीना ने पूछा कि हार्ट अटेक आने पर क्या करें, छाती में दर्द हो तो क्या करें, छोटे बच्चों को भी हार्ट अटैक आता है क्या ? उन्होंने बताया कि सामान्यतया छोटे बच्चों की हार्ट अटैक नहीं आता, उन्हें हृदय सम्बन्धी अन्य बीमारियां हो सकती हैं। हार्ट अटैक आने पर रोगी को तुरंत सीपीआर देना चाहिए, इससे रोगी के जान बचने संभावना रहती है । इस अवसर पर किशोरियों ने प्रशिक्षण में मिली सीख की जानकारी दी । डॉ गुप्ता ने कहा कि ये बातें आपके स्वस्थ जीवन के लिए बहुत उपयोगी हैं। एक सवाल के जवाब में उन्होंने यह कहा कि खाना खाने व पानी पीते वक्त बोलना नहीं चाहिए। कभी-कभी खाना या पानी श्वास नली में भी फंस सकता है जिससे जानलेवा तकलीफ भी हो सकती है । परियोजना निदेशक मुरारी लाल थानवी ने डॉ गुप्ता का आभार व्यक्त क्या । इस अवसर पर प्रीति राठौर, कंचन थानवी, अमरू चौधरी, ममता, खुशबू, कुसुम, कीर्ति, मंजू आदि उपस्थित थे।

### हादसे में बाइक सवार युवक की मौत

**बालोतरा**, (निसं)। बालोतरा जिले के रिफाइनरी क्षेत्र में मंगलवार को एक दर्दनाक सडक हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब पचपदरा से बाडमेर जा रही एक बस ने साभंरा के पास बाइक को टक्कर मार दी। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान रमेश पुत्र शोमाराम भील निवासी साभंरा के रूप में हुई है। रमेश साभंरा स्थित बालाजी गौशाला में कार्यरत था और गौशाला में दूध सप्लाई का काम करता था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बस की टक्कर इतनी जोरदार थी कि रमेश गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाने का प्रयास किया, लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पचपदरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर हादसे के कारणों की जांच शुरू कर दी है। रमेश की असामयिक मौत से परिजनों, बालाजी गौशाला के कर्मचारियों और पूरे गांव में शोक की लहर है। स्थानीय लोगों ने रिफाइनरी क्षेत्र में बढते सडक हादसों पर चिंता जताते हुए प्रशासन से यातायात व्यवस्था सुधारने और सडक सुरक्षा के प्रभावी इंतजाम करने की मांग की है।

### हरजीलाल शिविरों का निरीक्षण करेंगे

**बालोतरा**, (निसं)। राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों की प्रगति की समीक्षा के लिए जिले के प्रभारी सचिव हरजीलाल अटल गुरुवार को बालोतरा जिले के दौरे पर रहेंगे। दौरे के दौरान वे विभिन्न शहरी एवं ग्रामीण सेवा शिविरों का निरीक्षण कर आमजन को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का जायजा लेंगे। प्रभारी सचिव अटल ग्रामीण सेवा शिविरों एवं शहरी सेवा शिविरों में पहुंचकर विभिन्न विभागों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं, प्राप्त प्रकरणों के निस्तारण तथा लाभार्थियों को मिल रहे लाभों की समीक्षा करेंगे। साथ ही वे शिविरों में उपस्थित आमजन से संवाद कर योजनाओं के संबंध में फीडबैक भी प्राप्त करेंगे। दौरे के दौरान प्रभारी सचिव संबंधित अधिकारियों को राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने, आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान करने तथा शिविरों में गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश भी देंगे।

### गुड़ामालानी में गोद भराई की रस्म करवाई

**गुड़ामालानी**, (कासं)। नगर पालिका गुडामालानी में शहरी सेवा शिविर का तृतीय शिविर आयोजित किया गया, जिसमें अतिरिक्त जिला कलेक्टर भुवनेश्वर सिंह चौहान एवं उपखण्ड अधिकारी केशव कुमार मीना द्वारा शिविर का निरीक्षण किया गया। अतिरिक्त जिला कलक्टर द्वारा शिविरों की प्रगति की जानकारी ली गई तथा शिविर में उपस्थित नगर पालिका एवं अन्य विभागों के कार्मिकों को शहरी सेवा अभियान-2026 की जानकारी आमजन तक पहुंचाने एवं अधिकाधिक आमजन को लाभान्वित करने बाबत् निर्देश प्रदान किये गये साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 2 महिलाओं की गोद भराई की रश्म करवाई गई तथा शिविर में आज नगर पलिका द्वारा 69-ए पट्टा हेतु 02, लाईट पानी एन.ओ.सी. हेतु 5. जन्म-मृत्यू पंजीयन के 10, आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से पालिका द्वारा 2 लाईट/पानी एन.ओ.सी तथा जन्म-मृत्यू के 8 आवेदन तथा पालनहार योजना 1 आवेदन को हाथो हाथ निस्तारण कर आम जन को लाभान्वित किया उक्त शिविर के दौरान नोडल सुरेश कुमार जीनगर अधिशाषी अधिकारी शिविर प्रभारी सुनिल विश्नोई कनिष्ठ सहायक मनोज कुमार व ऊर्जा, पी.एच.ई.डी., चिकित्सा, पी.डब्ल्यू.डी, रसद, आयुर्वेद इत्यादि समस्त विभागों के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महाराणा प्रताप को पुष्पांजलि अर्पित की, उनके जीवन एवं व्यक्तित्व पर संगोष्ठी आयोजित



जालोर में हिन्दू युवा संगठन ने महाराणा प्रताप की जयंती मनाई। फोटो-राष्ट्रदूत



सुमेरपुर में युवा एकता मंच ने कार्यक्रम आयोजित किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। हिन्दू युवा संगठन संस्था, जालोर की ओर से वीर शिरोमणि हिंदुआ सूरज महाराणा प्रताप की 486वीं जयंती के अवसर पर संस्था कार्यालय संजय नगर कॉलोनी जालोर में पुष्पांजलि एवं संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

संस्था के नगर अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह बगेडिया ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के नाते भाजपा नगर अध्यक्ष रवि सोलंकी उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता हिन्दू युवा संगठन संस्था के संस्थापक अध्यक्ष एडवोकेट सुरेश सोलंकी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में दिनेश महावर एवं धनपत मुथा उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि रवि सोलंकी ने अपने उद्बोधन में कहा कि महाराणा प्रताप केवल मेवाड ही नहीं, बल्कि सम्पूर्ण भारत के स्वाभिमान, वीरता और राष्ट्र भक्ति के प्रतीक हैं। उनका संघर्ष हमें राष्ट हित को सर्वोपरि रखते हुए समाज एवं देश के लिए समर्पित भाव से कार्य करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सुरेश सोलंकी ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन त्याग, तपस्या और आत्मसम्मान का अद्वितीय उदाहरण है। युवाओं को उनके आदर्शों से प्रेरणा लेकर राष्ट्र निर्माण और सामाजिक उत्थान के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। विशिष्ट अतिथि दिनेश महावर ने कहा कि महाराणा प्रताप ने विपरीत परिस्थितियों में भी अपने स्वाभिमान और स्वतंत्रता से कभी समझौता नहीं किया। उनका जीवन हमें सत्य, साहस और राष्ट्र भक्ति के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर वक्ताओं ने महाराणा प्रताप के अद्वितीय शौर्य, त्याग, राष्ट्र भक्ति, स्वाभिमान एवं स्वतंत्रता के प्रति उनके अटूट समर्पण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन राष्ट्र एवं समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उनके आदर्श आज भी युवाओं को मातृभूमि के प्रति समर्पण एवं स्वाभिमान के साथ जीवन जीने की प्रेरणा देते हैं। कार्यक्रम के दौरान महाराणा प्रताप के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया तथा उनके जीवन एवं व्यक्तित्व पर संगोष्ठी आयोजित की गई। आयोजन में बडी संख्या में कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया।


कार्यक्रम में संस्था महामंत्री अर्जुन सिंह पंवार, अचलसिंह परिहार, राजेंद्र टोंक, दिनेश बारोट, महेश भट्ट, रमेश मेघवाल, रामेश्वर प्रजापत, तेजाराम माली, जीतू खत्री, योगेश दवे, विनोद सोनगरा, सुनील खत्री, अजय जाटव, गोविंद भील सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में सभी उपस्थितजनों ने महाराणा प्रताप के आदर्शों को आत्मसात कर राष्ट्र एवं समाज सेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

### सुमेरपुर में युवा एकता मंच ने जयंती मनाई

**सुमेरपुर**, (नि.सं.)। युवा एकता मंच के बैंनर तले बुधवार को वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की 486 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई।

इस दौरान अध्यक्ष कृष्णपाल सिंह राठौड के नेतृत्व में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। अध्यक्ष राठौड ने बताया कि महाराणा प्रताप की जीवनीपर प्रकाश डालते हुए कहा कि सब जिस स्वतंत्रता से जीवन यापन कर रहे है वो महाराणा प्रताप की वजह से है। जब देश मुगलो के अधीन गुलामी में था तब हमारे राजस्थान की चितौडधरा से राणा प्रताप जैसा सूरज निकला जिसने प्रजा को जीने की उमीद दी। इस दौरान उनका शौर्य, बलिदान व उनकी राष्ट्र भक्ति हम सबके लिए एक प्रेरणा है। इस मौके पर चैतन्य प्रकाश गेहलोत, मदन देवडा, मयूर सोलंकी, हिमांशु परिहार, तेज सुथार, यशपाल माली, रवींद्र कुमार, गोरा यादव, कुसुम सिंह, रेणुका परिहार मौजूद रहे।

## लोकपाल ने नरेगा श्रमिकों की समस्याएं सुनी


महात्मा गांधी नरेगा ( वीबीजी रामजी ) के लोकपाल नैनसिंह शंखवाली ने सांफाडा ग्राम पंचायत में संचालित चारागाह विकास एवं वृक्षारोपण कार्य का निरीक्षण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। महात्मा गांधी नरेगा (वीबीजी रामजी) के लोकपाल नैनसिंह शंखवाली ने बुधवार को सायला पंचायत समिति की सांफाडा ग्राम पंचायत में संचालित चारागाह विकास एवं वृक्षारोपण कार्य रेतर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यस्थल पर मौजूद श्रमिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा विभिन्न व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान लोकपाल ने श्रमिकों से कार्य की प्रगति, मजदूरी भुगतान और अन्य मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। लोकपाल नैनसिंह शंखवाली ने श्रमिकों को आगामी 1 जुलाई से लागू होने जा रहे विकसित भारत ग्रामीण रोजगार एवं आजीविका मिशन (वीबीजी रामजी) के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस मिशन का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों को बढावा देने के साथ-साथ आजीविका के स्थायी साधन विकसित करना है। इसके माध्यम से ग्रामीण परिवारों को रोजगार, कौशल विकास और आय वृद्धि से संबंधित विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सकेगा। इसमें एक सौ दिन के बजाय 125 दिन का रोजगार उपलब्ध करवाया जाएगा। वहीं मजदूरी भुगतान साप्ताहिक होगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास योजनाओं का वास्तविक लाभ पात्र लोगों तक पहुंचना चाहिए और जनभागीदारी आवश्यक है।

### शादीशुदा महिला सहित दो अन्य घर से गायब

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर कमिश्नरेट में विवाहिता सहित तीन जनों के घर से गायब होने के मामले सामने आए हैं। लापता होने वालों एक शादीशुदा महिला तथा एक युवती और एक युवक है। इस संबंध में उनके परिजनों ने अलग-अलग थानों में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कमिश्नरेट के बनाड़ थाना इलाके के रहने वाले व्यक्ति ने रिपोर्ट दी है, जिसमें बताया कि उसकी 23 साल की बेटी सोमवार को बिना बताए घर से कहीं चली गई और वापस नहीं लौटी।

इसके बारे में आस पड़ोस और रिश्तेदारी में भी पता किया लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच सब इंस्पेक्टर त्रिलोक दान को सौंपी है।

दूसरा मामला खांडाफलसा थाने में सामने आया है। थाना इलाके के रहने वाले एक व्यक्ति ने रिपोर्ट देकर बताया कि उसकी 28 साल की पत्नी सोमवार दोपहर को बिना बताए घर से कहीं चली गई और वापस नहीं लौटी। उसका अभी तक पता नहीं लग पाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच असिस्टेंट सब इंस्पेक्टर मनोहर लाल को सौंपी है।

वहीं, चौपासनी हाउसिंग बोर्ड थाना इलाके से एक युवक के लापता होने का मामला भी सामने आया है। थाना इलाके में रहने वाले एक व्यक्ति ने रिपोर्ट देकर बताया कि उसका पुत्र मंगलवार सुबह 8 बजे घर से ऑफिस जाने की बात कहकर निकाला था।

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पर भीनमाल में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन

- **नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विकसित, आत्मनिर्भर व सुरक्षित राष्ट्र के रूप में उभरा : प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड**

**भीनमाल**, (निसं)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा सोमवार को भीनमाल में विकसित भारत संकल्प सम्मेलन का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मदन राठौड उपस्थित रहे। उनके भीनमाल आगमन पर भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्ण वातावरण में भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया।

सम्मेलन में उपस्थित पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं नागरिकों को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी एवं निर्णायक नेतृत्व में भारत ने विगत 12 वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है। आज भारत विश्व मंच पर एक मजबूत, आत्मनिर्भर, सुरक्षित तथा प्रभावशाली राष्ट के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने केवल विकास के नए आयाम स्थापित करने के साथ - साथ अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाकर सुशासन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश ने आर्थिक, सामाजिक, सामरिक एवं तकनीकी क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। आज भारत विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है तथा वैश्विक मंचों पर उसकी भूमिका निरंतर सशक्त हुई है।

गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, किसान उत्थान, युवाओं को अवसर प्रदान करने तथा आधारभूत संरचना के विस्तार के क्षेत्र में केंद्र सरकार ने ऐतिहासिक कार्य किए हैं।

विकसित भारत संकल्प सम्मेलन के उपरांत भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने भाजपा जिला पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणादायी अभियान एक पेड मां के नाम के अंतर्गत वृक्षारोपण किया।

भीनमाल प्रवास के दौरान भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड ने नगर के वरिष्ठ एवं अनुभवी नागरिकों से भी आत्मीय मुलाकात की। उन्होंने स्थानीय निवासी वयोवृद्ध भाजपा नेता जवाहर लाल परमार, गुमानसिंह राव एवं डॉ श्रवण कुमार मोदी सहित विभिन्न वरिष्ठजनों से संवाद कर उनके अनुभवों एवं सुझावों को सुना।

प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि समाज के वरिष्ठ नागरिकों का अनुभव किसी भी क्षेत्र के विकास एवं सामाजिक समरसता के लिए अमूल्य धरोहर है। उनके मार्गदर्शन से संगठन तथा समाज दोनों को नई दिशा प्राप्त होती है।

इस मौके भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित विकसित भारत संकल्प सम्मेलन संगठन एवं कार्यकर्ताओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायी रहा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विगत 12 वर्षों में देश ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, आधारभूत संरचना, सुरक्षा एवं वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। विकसित भारत के इस संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने में भाजपा कार्यकर्ता महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित ने कहा कि प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक मजबूती, सेवा भाव एवं जनसंपर्क के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने की प्रेरणा देता है। ऐसे प्रवास कार्यकर्ताओं का मनोबल बढाने, संगठन को सशक्त बनाने तथा विकसित भारत के संकल्प को गति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

इस अवसर पर राजस्थान सरकार के राज्य मंत्री के.के. विश्नोई, जालोर-सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष जसराज राजपुरोहित, जालोर जिला संगठन प्रभारी महेंद्र मेघवाल, जालोर जिला संगठन सह-प्रभारी जगदीश देवासी, आहोर विधायक छगनसिंह राजपुरोहित, सांचौर विधायक जीवाराम चौधरी, रानीवाडा के पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, आहोर के पूर्व विधायक शंकरसिंह राजपुरोहित, पूर्व राज्य मंत्री भूपेंद्र देवासी, जालोर के पूर्व जिला प्रमुख वन्नेसिंह गोहिल, वरिष्ठ भाजपा नेता रामकुमार भूतडा, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष नरेश अग्रवाल, नरेश सुखाडिया, जयंतीलाल घांची सहित कई जनों की उपस्थिति रही।

### जीर्णोद्धार के बाद गजानन की प्रतिमा स्थापित

**पाली**, (नि.सं.)। श्री गजानन्दजी मंदिर, बादशाह का झण्डा, पाली में आयोजित जीर्णोद्धार एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के अंतर्गत बुधवार 17 जून 2026 को विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ किया गया।

प्रवक्ता महेश सारड़ा ने बताया प्रात:काल से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड उमड पडी तथा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आवाहित देवता पूजन, प्रतिष्ठा यज्ञ, अंगन्यास, जीव न्यास, मोवण पूजन, तोरण पूजन, ध्वजारोहण एवं प्राण प्रतिष्ठा जैसे मांगलिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए।

मंदिर में भगवान गणेश ऋद्धि सिद्धि , खाटूश्याम जी व सालासर बालाजी की मूर्ति स्थापना की गई

महोत्सव में समाज के गणमान्यजन, श्रद्धालु एवं धर्मप्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान भक्तों ने भगवान श्री गजानन्दजी के दर्शन कर सुख-समृद्धि एवं मंगल की कामना की। सायंकाल शिव वाटिका, रामनगर, पाली में महाप्रसादी एवं न्याती भोज किया गया। इसके पश्चात आयोजित भामाशाह सम्मान समारोह में मंदिर जीर्णोद्धार कार्य में सहयोग प्रदान करने वाले भामाशाहों का सम्मान किया गया। समाज अध्यक्ष रवि मोहन अतुल भूतड़ा, राजेंद्र सुनील लड्ढा, राजेश विजय सोमानी, अनिल सुनील फोफलिया, किशोर गिल्डा, राधाकृष्ण सतीश कालाणी, दिलीप सारड़ा, सुशील आकाश भट्टड, भुवनेश काबरा, लक्ष्मीकांत लाहोटी, शरद कालाणी, संजय पलोड़ सहित अनेक समाजबंधुओं का विशेष सहयोग रहा।

## विद्यालय के नए भवन के शिलान्यास पर चर्चा की


सांचोर के पास सुंथडी स्थित आदर्श विद्या मंदिर के नवीर भवन के शिलान्यास समारोह की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित हुई। फोटो-राष्ट्रदूत

**सांचोर**, (निसं)। सांचोर सुभाष नगर स्थित आदर्श विद्या मंदिर में मंगलवार को ग्राम सुंथडी में प्रस्तावित कुसुमदेवी भूरसिंह राव बोरली आदर्श विद्या मंदिर के नवीन भवन शिलान्यास समारोह की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा, व्यवस्थाओं तथा जनसंपर्क अभियान पर विस्तृत चर्चा की गई। विद्या भारती से संबद्ध आदर्श विद्या मंदिरों में ऐसे आयोजनों के माध्यम से शिक्षा एवं संस्कार आधारित गतिविधियों को ब?ावा दिया जाता है।

बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने बताया कि 23 जून को ग्राम सुंथडी, तहसील चितलवाना में विद्यालय के नवीन भवन का शिलान्यास समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया गया तथा कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गईं। बैठक में भामाशाह परिवार के रूप में श्रवणसिंह एवं सतीशसिंह पुत्र मदरूपसिंह राव बोरली के शिक्षा क्षेत्र में दिए जा रहे योगदान की सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि उनके सहयोग एवं संकल्प से ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। समाजहित एवं शिक्षाहित में उनका योगदान अनुकरणीय एवं प्रेरणादायी है। बैठक में निर्णय लिया गया कि क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, अभिभावकों, भामाशाहों एवं समाजबंधुओं से व्यक्तिगत संपर्क कर अधिकाधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। वक्ताओं ने कहा कि नवीन विद्यालय भवन का निर्माण ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं संस्कारयुक्त शिक्षा उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

बैठक में विद्यालय परिवार, विद्या भारती से जुडे कार्यकर्ता, अभिभावक एवं समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे। सभी ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

बैठक में भामाशाह श्रवणसिंह राव बोरली, सतीशसिंह राव सहित राणा देवीसिंह सुराचंद, अजय कुमार, वन्नेसिंह गोहिल, प्रकाश पुरोहित खिरोडी, अंबाराम पुरोहित, सांवलाराम माली, जानकी प्रसाद गुप्ता, ईश्वरसिंह राव, अर्जुनसिंह सरवाणा, भावेश त्रिवेदी, उदाराम वैष्णव, ओखाराम, बंशीलाल खोरवाल, देवराज चौधरी, सतीशसिंह राव, मानाराम, संपतराज टाक, कांतिलाल सूर्या, चौथाराम कोली, दिनेशचंद गौड, पहाडसिंह राव एवं सांवलाराम सुथार सहित कई कार्यकर्ता, समाजसेवी उपस्थित रहे।

## गजेंद्र सिंह खींवसर का सेतरावा दौरा आज

**फलोदी**, (निसं)। चिकित्सा मंत्री गजेंद्रसिंह खींवसर गुरुवार को लोहावट विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे। फलोदी सीएमएचओ डॉ प्रतापसिंह राठौड ने बताया कि चिकित्सा मंत्री 12 बजे लोहावट 1.15 बजे पीलवा में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन 2.30 बजे आसरलाई में ग्रामीण सेवा शिविर में 3.45 बजे खियासरिया में ग्रामीण सेवा शिविर में 5.15 बजे चांदसर में सब सेंटर का उद्घाटन 6.15 बजे पदमपुर में सब सेंटर का उद्घाटन,7.15 बजे देचू मण्डल कि रात्रि चौपाल देचू समिति में सहित आधा दर्जन से अधिक गांवों का करेंगे दौरा, आमजन से मिल जानेंगे उनकी समस्याएं, क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की भी समीक्षा करेंगे।



"मेसी के बारे में क्या कहूं, शब्द ही नहीं है। हर फुटबॉलप्रेमी उसे खेलते देखना चाहता है और उसके खेल का आनंद लेता है।" विश्व कप में लगातार पांचवें मैच में मेस्सी ने गोल दागा है।
- लियोनेल स्कालोनी

अर्जेंटीना के कोच, मेस्सी के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

**श्रेयस अय्यर**



**श्रेयस अय्यर** ने छोटी लेकिन असरदार पारी खेली और 24 गेंदों में 26 रन बनाए। अय्यर ने अपने वनडे करियर में 3000 रन पूरे किए और ऐसा करके वे भारतीय क्रिकेट इतिहास में संयुक्त रूप से दूसरे सबसे तेज़ी से यह उपलब्धि हासिल करने वाले खिलाड़ी बन गए। खास बात यह है कि अय्यर ने सबसे कम पारियों में 3000 वनडे रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ियों की लिस्ट में शिखर धवन की बराबरी कर ली है। धवन और अय्यर, दोनों ने यह मुकाम हासिल करने के लिए 72 पारियां लीं, जबकि शुभमन गिल 62 पारियों के साथ इस लिस्ट में टॉप पर हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** ब्राजील: 5 बार (1958, 1962, 1970, 1994, 2002)। ब्राजील एकमात्र ऐसी टीम है जो हर फीफा विश्व कप (1930–2026) में शामिल रही है।

**FIFA WORLD CUP 2026**

## आज के मैच


**इंग्लैंड बनाम क्रोएशिया**
सुबह 1.30 बजे

**घाना बनाम पनामा**
सुबह 4.30 बजे

**उज्बेकिस्तान बनाम कोलंबिया**
सुबह 7.30 बजे

**चेकिया बनाम दक्षिण अफ्रीका**
सुबह 9.30 बजे

# मेसी की हैट्रिक से अर्जेंटीना की शानदार शुरुआत, अल्जीरिया को 3-0 से हराया




**सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी**
- मिरोस्लाव क्लोज़ (जर्मनी) - 16
- लियोनेल मेसी (अर्जेंटीना) - 16
- रोनाल्डो (ब्राज़ील) - 15
- गर्ड मुलर (जर्मनी) - 14
- काइलियन एम्बाप्पे (फ्रांस) - 14

कैन्सस सिटी, 17 जून। स्टार फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने एक और ऐतिहासिक उपलब्धि अपने नाम करते हुए फीफा विश्व कप 2026 के पहले मुकाबले में हैट्रिक लगाई और अर्जेंटीना को अल्जीरिया पर 3–0 की शानदार जीत दिलाई। 38 वर्षीय मेसी ने मैच में तीन गोल दागकर न केवल टीम को जीत दिलाई, बल्कि विश्व कप इतिहास में सबसे ज्यादा गोल करने के रिकॉर्ड की बराबरी भी कर ली। मेसी अब विश्व कप में 16 गोल के साथ जर्मनी के पूर्व स्ट्राइकर मिरोस्लाव क्लोज़े के बराबर पहुंच गए हैं। इसके साथ ही मेसी विश्व कप के इतिहास में पांच अलग–अलग विश्व कप संस्करणों में गोल करने वाले दूसरे खिलाड़ी बन गए। इससे पहले यह उपलब्धि क्रिस्टियानो रोनाल्डो हासिल कर चुके हैं। अर्जेंटीना ने मुकाबले की शुरुआत से ही आक्रामक खेल दिखाया और मेसी ने अपनी शानदार लय जारी रखते हुए अल्जीरिया की रक्षा पंक्ति को लगातार परेशान किया। उनके तीनों गोलों ने स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को रोमांचित कर दिया। मेसी ने इस मुकाबले के साथ एक और रिकॉर्ड बनाया। वह विश्व कप में हैट्रिक लगाने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए और इस मामले में उन्होंने क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रिकॉर्ड भी पीछे छोड़ दिया। विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने इस जीत के साथ अपने अभियान की दमदार शुरुआत की है और टीम ने खिताब बचाने की दिशा में मजबूत संकेत दिए हैं। अब अर्जेंटीना अपने अगले मुकाबले में इसी लय को बरकरार रखने की कोशिश करेगा, जबकि अल्जीरिया वापसी की उम्मीद के साथ अगले मैच की तैयारी करेगा। मंगलवार को अल्जीरिया के खिलाफ अर्जेंटीना की 3–0 से जीत के साथ अपने 2026 वर्ल्ड कप अभियान की शुरुआत करते हुए, 38 साल और 357 दिन के लियोनेल मेसी वर्ल्ड कप में हैट्रिक लगाने वाले सबसे उम्रदराज़ खिलाड़ी बन गए। फॉक्स स्पोर्ट्स के अनुसार, मेसी ने रूस में हुए 2018 फीफा वर्ल्ड कप में क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बनाए पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया; उस समय 33 साल के रोनाल्डो ने स्पेन के खिलाफ हैट्रिक लगाई थी। अर्जेंटीना के लिए अपने 200वें मैच में मेसी ने तीन अलग–अलग तरह के गोल किए। यह उपलब्धि मेसी के पहले वर्ल्ड कप गोल के ठीक 20 साल बाद मिली जो उन्होंने 2006 वर्ल्ड कप में सर्बिया के खिलाफ अर्जेंटीना की 6–0 से जीत के दौरान किया था। मेसी ने इस मैच में शानदार हैट्रिक लगाई और ज़बरदस्त शॉट मारकर अपना दबदबा कायम किया।

### मेसी ने पेले का रिकॉर्ड तोड़ा

इन रिकॉर्ड्स के साथ–साथ, मेसी ने टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे ज़्यादा गोल योगदान (गोल और असिस्ट) के मामले में ब्राज़ील के महान खिलाड़ी पेले का लंबे समय से चला आ रहा रिकॉर्ड भी तोड़ दिया। मैच शुरू होने से पहले पेले और मेसी दोनों के नाम 21 योगदान (13 गोल, आठ असिस्ट) थे, लेकिन तीन गोल करने के बाद मेसी उनसे आगे निकल गए। जल्द ही 39 साल के होने वाले मेसी के नाम अब 24 योगदान (16 गोल और आठ असिस्ट) हो गए हैं।



# नॉर्वे ने इराक को 4-1 से हराकर की विजयी शुरुआत

बोस्टन, 17 जून। स्टार स्ट्राइकर एरलिंग हालांड के शानदार दो गोलों की बदौलत नॉर्वे ने फीफा विश्व कप 2026 के ग्रुप–आई मुकाबले में मंगलवार को इराक को 4–1 से हराकर टूर्नामेंट में विजयी शुरुआत की। 28 वर्षों बाद विश्व कप में लौटी नॉर्वे की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पूरे अंक अपने नाम किए। मुकाबले में नॉर्वे ने 29वें मिनट में बढ़त बनाई, जब हालांड ने पहला गोल दागकर टीम को 1–0 से आगे कर दिया। हालांकि इराक ने हार नहीं मानी और 39वें मिनट में अयमन हुसैन ने गोल कर स्कोर 1–1 से बराबर कर दिया। लेकिन बराबरी ज्यादा देर नहीं टिक सकी। पहले हाफ के अंत से ठीक पहले इराक की रक्षा पंक्ति की एक बड़ी गलती का फायदा उठाते हुए हालांड ने गलत बैकपास पर तेजी दिखाकर गेंद को जाल में पहुंचाया और नॉर्वे को फिर से बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में नॉर्वे ने खेल पर पकड़ मजबूत बनाए रखी। 76वें मिनट में लियो ओस्टिगार्ड ने कॉर्नर पर शानदार हेडर लगाकर टीम का तीसरा गोल किया। इसके बाद अतिरिक्त समय में इराक के खिलाड़ी अयमन के आत्मघाती गोल ने नॉर्वे की जीत पर मुहर लगा दी और मुकाबला 4–1 से समाप्त हुआ। इस जीत के साथ नॉर्वे ने बेहतर गोल अंतर के आधार पर ग्रुप–आई में फ्रांस को पीछे छोड़ते हुए शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। वहीं इराक को अगले मुकाबले में वापसी के लिए बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

# एम्बाप्पे के दो गोल की बदौलत फ्रांस ने सेनेगल को 3-1 से हराया



न्यूयॉर्क, 17 जून। दो बार की विश्व चैंपियन फ्रांस ने फीफा विश्व कप 2026 में अपने अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। मंगलवार को खेले गए ग्रुप–आई मुकाबले में फ्रांस ने सेनेगल को 3–1 से हराया, जिसमें स्टार स्ट्राइकर किलियन एम्बाप्पे ने दो गोल दागकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। पहले हाफ में सेनेगल ने फ्रांस को कड़ी चुनौती दी और कई मौके भी बनाए, लेकिन गोल करने में नाकाम रही। फ्रांस की टीम भी शुरुआती 45 मिनट में संघर्ष करती नजर आई। दूसरे हाफ में कोच दिदिए देशां की रणनीति काम आई। माइकल ओलीसे को दाएं विंग से बीच में लाने के बाद फ्रांस के आक्रमण में तेजी आई। इसका फायदा 66वें मिनट में मिला जब ओलीसे के शानदार पास पर एम्बाप्पे ने बॉक्स में दौड़ लगाते हुए गोल कर फ्रांस को 1–0 की बढ़त दिला दी। इसके बाद फ्रांस ने दबाव बनाए रखा और मैच के अंतिम चरण में ब्रैडली बारकोला ने दूसरा गोल कर बढ़त को दोगुना कर दिया। हालांकि अतिरिक्त समय में सेनेगल के लिए इब्राहिम एमबाये ने एक गोल कर स्कोर 2–1 कर दिया, लेकिन फ्रांस की बढ़त ज्यादा देर तक खतरे में नहीं रही। मैच के 96वें मिनट में एम्बाप्पे ने लंबी दूरी से शानदार शॉट लगाकर अपना दूसरा और टीम का तीसरा गोल दाग दिया। इस गोल के साथ एम्बाप्पे फ्रांस के सर्वकालिक सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। उनके नाम अब अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में 58 गोल हो गए हैं। विश्व कप इतिहास में भी एम्बाप्पे ने नया मुकाम हासिल किया। उनके विश्व कप गोलों की संख्या 14 हो गई है और अब वह सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ी मिरोस्लाव क्लोज़े (16 गोल) से सिर्फ दो गोल पीछे हैं। एम्बाप्पे ने इस सूची में पेले, लियोनेल मेसी और जस्ट फोंटेन को पीछे छोड़ दिया है। फ्रांस अब अपने अगले मुकाबले में इराक से भिड़ेगा, जबकि उसके बाद उसका सामना एरलिंग हालांड की टीम नॉर्वे से होगा। वहीं सेनेगल को नॉकआउट दौर की उम्मीद बनाए रखने के लिए आगामी मैचों में बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

## भारत-ए ने अफगानिस्तान-ए को 101 रन से रौंदा, फाइनल में बनाई जगह

*नई दिल्ली, 17 जून। भारत ए ने त्रिकोणीय श्रृंखला के अपने अंतिम लीग मुकाबले में अफगानिस्तान ए को 101 रन से हराकर फाइनल में शानदार अंदाज में प्रवेश कर लिया। बल्लेबाजों और गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत भारतीय टीम ने एकतरफा जीत दर्ज की और खिताबी मुकाबले का टिकट पक्का कर लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ए ने निर्धारित 50 ओवर में 9 विकेट पर 319 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। टीम की ओर से प्रियांश आर्य, कप्तान तिलक वर्मा और कुमार कुशाग्र ने शानदार अर्धशतकीय पारियां खेलीं। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य ने आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए 42 गेंदों पर 58 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में आठ चौके और एक छक्का लगाया। उनके साथ वैभव सूर्यवंशी ने 38 रन का योगदान देकर टीम को तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने पहले विकेट के लिए 75 रन जोड़कर मजबूत नींव रखी। मध्यक्रम में कप्तान तिलक वर्मा और कुमार कुशाग्र ने जिम्मेदारी संभाली। दोनों बल्लेबाजों ने चौथे विकेट के लिए 104 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी कर टीम को बड़े स्कोर की ओर अग्रसर किया। तिलक ने 75 गेंदों पर 59 रन बनाए, जबकि कुशाग्र ने 67 गेंदों में 58 रन की उपयोगी पारी खेली। अंत में विपराज निगम ने 20 गेंदों पर 30 रन बनाकर टीम का स्कोर 300 के पार पहुंचाया। 320 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान ए की शुरुआत सकारात्मक रही, लेकिन वह बड़ी साझेदारियां बनाने में नाकाम रही। कप्तान इमरान मीर ने 32 रन बनाए, जबकि फैसल शिनोजादा और बहिर शाह ने टीम को संभालने का प्रयास किया। दोनों के बीच 87 रन की साझेदारी हुई, जिससे मुकाबले में कुछ समय के लिए रोमांच बना रहा। हालांकि भारतीय गेंदबाजों ने नियमित अंतराल पर विकेट हासिल कर अफगानिस्तान को वापसी का मौका नहीं दिया। बहिर शाह ने सर्वाधिक 57 रन बनाए, लेकिन उनके आउट होते ही अफगानिस्तान की उम्मीदें भी समाप्त हो गईं। भारत की ओर से निशांत सिंधु ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 31 रन देकर 4 विकेट झटके और विपक्षी बल्लेबाजी क्रम की कमर तोड़ दी। यश ठाकुर ने दो विकेट हासिल किए। अफगानिस्तान ए की पूरी टीम 36.5 ओवर में 218 रन पर सिमट गई और भारत ए ने 101 रन की बड़ी जीत दर्ज की। इस जीत के साथ भारतीय टीम ने फाइनल में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है, जबकि अफगानिस्तान ए के लिए अब फाइनल की राह बेहद कठिन हो गई है।*

# भारत की अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे वनडे मैच में धमाकेदार जीत, गिल और ईशान ने जड़े शतक





लखनऊ, 17 जून। टीम इंडिया ने बुधवार को दूसरे वनडे में अफगानिस्तान के परखच्चे उड़ा दिए। भारत ने लखनऊ के मैदान पर 170 रनों से दमदार जीत हासिल की। शुभमन गिल और ईशान किशन ने शतकीय बम फोड़े, जिससे भारत ने 403 रन का विशाल टारगेट दिया। जवाब में अफगानिस्तान टीम 44.3 ओवर में 232 रन ही जुटा सकी। दरविश रसूली (6) रिटायर्ड आउट हुए। अफगानिस्तान की ओर से सर्वाधिक रन रहमत शाह (89 गेंदों में 79, आठ चौके) ने बनाए। भारत के लिए गुरनूर बराड़ और अर्शदीप सिंह ने तीन–तीन शिकार किए।


डेब्यूटेंट प्रिंस यादव को दो सफलता मिली। वॉशिंगटन सुंदर ने एक विकेट हासिल किया। विशाल लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने सधी हुई शुरुआत की। रहमानुल्लाह गुरबाज और इब्राहिम जादरान ने पहले विकेट के लिए 52 रनों की साझेदारी की। गुरनूर बराड़ ने आठवें ओवर में गुरबाज का शिकार किया। उन्होंने 33 गेंदों में सात चौकों और एक छक्के की मदद से 41 रन बनाए। अर्शदीप सिंह ने 14वें ओवर में इब्राहिम जादरान (31 गेंदों में 21) को पवेलियन भेजा। वॉशिंगटन सुंदर ने 24वें ओवर में सेदिकुल्लाह अटल (50 गेंदों में 42) को एलबीडब्ल्यू किया। उन्होंने रहमत शाह के संग तीसरे विकेट के लिए 47 रनों की साझेदारी की।

दरविश रसूली (6) रिटायर्ड हर्ट हो गए हैं। गुरनूर ने 26वें ओवर में कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी (4) को बोल्ड किया। डेब्यूटेंट प्रिंस यादव ने 31वें ओवर में नांगेयालिया खरोटी (6) को बोल्ड किया। राशिद खान (12), सलीम सफी (9) और अल्लाह गनजफर (1) सस्ते में लौटे। प्रिंस ने रहमत शाह को गुरनूर के हाथों लपकवाया और अफगानिस्तान की पारी को समेटा। इससे पहले, भारतीय टीम 49.5 ओवर में 402 पर सिमटी। शुभमन गिल और ईशान किशन ने अफगानी गेंदबाजों को कूटा। दोनों ने शतकीय पारी खेली। भारत ने आठवीं बार वनडे क्रिकेट में 400 रनों का आंकड़ा पार किया है।

## राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के सफल आयोजन व एडहॉक कमेटी के जयपुर, उदयपुर स्टेडियम निर्माण के प्रयासों को जिला संघों प्रतिनिधियों ने सराहा : डॉ. मोहित

जयपुर, 17 जून। डॉ मोहित जसवंत यादव, संयोजक आरसीए एडहॉक कमेटी ने बताया के हमारी एडहॉक कमेटी ने पदभार ग्रहण करने के साथ ही राजस्थान की क्रिकेट को पुनः पटरी पर लाने, उच्च स्तरीय खेल इंफ्रास्ट्रक्चर व सुविधाओं सहित सरल पारदर्शी खेल माहौल व समन्वय को विकसित करने के लिए हर स्तर पर सभी जिला संघोव खिलाडियों से समन्वय व उनके महत्वपूर्ण सुझावों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

संयोजक के अनुसार आज विभिन्न जिला क्रिकेट संघआरसीए एडहॉक कमेटी के साथ जिला क्रिकेट संघ प्रतिनिधि विमल शर्मा, सचिव, जैसलमेर जिला क्रिकेट संघ, देवाराम चौधरी, सचिव, बाड़मेर जिला क्रिकेट संघ, राजकुमार माथुर, सचिव, बूंदी जिला क्रिकेट संघ, धर्मवीर सिंह शेखावत, सचिव, पाली जिला क्रिकेट संघ, मनोज चौधरी, सचिव, उदयपुर जिला क्रिकेट संघ ने आरसीए ऑफिस, सवाईमान सिंह स्टेडियम मेंआरसीएएडहॉक कमेटी संयोजक डॉ मोहित जसवंत यादव, सदस्य आशीष तिवाड़ी, सुशील जैन से राज्य में खेल इंफ्रास्ट्रक्चर के उच्च स्तर पर विकसित करने व युवा खिलाड़ियों के लिए बेहतर क्रिकेट गतिविधियों के आयोजन व जयपुर, उदयपुर में आरसीए के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम तथा जोधपुर के बरकतउल्लाह खान स्टेडियम को आरसीए खेल गतिविधियों के अनुरूप जल्द से जल्द उपलब्ध करने के लिए गहन चर्चा की।



एडहॉक सदस्य आशीष तिवाड़ी के अनुसार जिला संघ प्रतिनिधयों ने आरसीए एडहॉक कमेटी द्वारा राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के फॉर्मेट को बीसीसीआई द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं के फॉर्मेट के अनुसार आयोजित करने के निर्णय को सराहा व साथ ही इसे राज्य के युवा खिलाडियों को के अपने प्रदर्शन को हर फॉर्मेट के अनुसार प्रदर्शित करने का एक सुनहरा अवसर बताया।

एडहॉक कमेटी सदस्य सुशील जैन के अनुसार जिला क्रिकेट संघ प्रतिनिधियों ने मुलाकात के दौरान विशेष रूप से आरसीए एडहॉक कमेटी द्वारा जयपुर के निर्माणाधीन अंतर्राष्ट्रीयक्रिकेट स्टेडियम के निर्माण को जल्द से जल्द प्रगति पर लाने, उदयपुर में आरसीए के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के निर्माण हेतु सहयोगियों से चर्चा के निर्माण को धरातल पर लाने के लिए किये जा रहे प्रयासों तथा जोधपुर के बरकतउल्लाह खान स्टेडियम मैदान व विकेट को आरसीए खेल गतिविधियों के अनुरूप जल्द से जल्द उपलब्ध करने के लिए किये गए कार्यों के लिए धन्यवाद दिया।

## कबड्डी खिलाड़ियों का दमखम बढ़ा रहा आवासीय शिविर

जयपुर, 17 जून। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के 66वें केंद्रीय आवासीय प्रशिक्षण शिविर में कबड्डी की गूंज सुनाई दे रही है। सवाई मानसिंह इंडोर स्टेडियम में चल रहे इस शिविर में प्रदेश के 15 बालक एवं 15 बालिका कबड्डी खिलाड़ियों को मैट पर तराशा जा रहा है। शिविर का उद्देश्य खिलाड़ियों को प्रो–कबड्डी के स्तर की फिटनेस, चपलता और मैच टेम्परामेंट से लैस करना है।

इस शिविर में अंडर–17 स्कूल नेशनल में रजत पदक जीत चुकीं तानिया गुर्जर, स्कूल नेशनल में राज्य का प्रतिनिधित्व कर चुकीं समिस्ता तथा जूनियर नेशनल की रजत पदक विजेता खुशबू जोशी विशेष आकर्षण का केंद्र हैं। इनके साथ राज्य स्तर पर रजत पदक जीत चुकीं दिव्या, रिद्धिमा, तनु, नेहा, निचिता, निकिता, आयुषी व मोनिका सहित अन्य प्रतिभाएं भी मैट पर पसीना बहा रही हैं।

खिलाड़ी राज्य क्रीड़ा परिषद की अनुभवी कबड्डी प्रशिक्षका सरस्वती मुंडे के निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। कोच सरस्वती ने बताया कि सुबह के सत्र में स्ट्रेंथ, एंड्योरेंस और एजिलिटी पर काम किया जाता है। वहीं शाम को बोनस लाइन क्रॉस, डू–ऑर–डाई रेड, चेन टैकल, एंकल होल्ड, डैश और ब्लॉक जैसी मैच सिचुएशन ड्रिल्स करवाई जाती हैं।

खिलाड़ी तानिया गुर्जर ने कहा, यहां हमें डिफेंस में पोजिशनिंग और रेड में फुटवर्क की छोटी–छोटी गलतियों को सुधारने का मौका मिल रहा है। मैट पर रोजाना 6 घंटे के अभ्यास से आत्मविश्वास बढ़ा है। प्रशिक्षका सरस्वती मुंडे ने कहा कि सभी खिलाड़ियों का फिटनेस डाटा व स्किल चार्ट तैयार किया जा रहा है। शिविर के बाद प्रत्येक खिलाड़ी को व्यक्तिगत सुधार योजना दी जाएगी ताकि वे आगामी खेलो इंडिया, जूनियर नेशनल और सीनियर नेशनल के लिए बेहतर तैयारी कर सकें। राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद का यह प्रयास ग्रामीण अंचल से आने वाली कबड्डी प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच के लिए तैयार करने की दिशा में अहम कदम है। शिविर के समापन पर चयनित खिलाड़ियों का ट्रायल लेकर स्टेट कैंप के लिए कोर ग्रुप भी बनाया जाएगा।

## हाफ-टाइम तक पुर्तगाल और कॉन्गो 1-1 की बराबरी पर, जोआओ नेव्स के बाद वीसा ने दागा गोल



हुआस्टन, 17 जून। पुर्तगाल और डीआर कॉन्गो के बीच मुकाबला शुरुआत से ही रोमांचक स्थिति में बना हुआ है। जोआओ नेव्स ने छठवें मिनट में ही हेडर के जरिए गोल दागकर पुर्तगाल को 1–0 की बढ़त दिला दी थी। पुर्तगाल और कॉन्गो के बीच जारी मुकाबले में 24 मिनट का खेल पूरा हो चुका है और पहला हाइड्रेशन ब्रेक लिया गया है। पुर्तगाल ने छठवें मिनट में जोआओ नेव्स के गोल की मदद से 1–0 की बढ़त बना रखी है। हाफ–टाइम तक पुर्तगाल और कॉन्गो 1–1 की बराबरी पर हैं। मुकाबले की शुरुआत में पुर्तगाल के लिए छठवें मिनट में ही जोआओ नेव्स ने हेडर के जरिए गोल दागा। इसके बाद 45 प्लस 5 मिनट में योन वीसा ने हेडर के जरिए गोल दागकर कॉन्गो को 1–1 की बराबरी पर पहुंचा दिया। अब सभी की नजरें दूसरे हाफ पर होंगी।

## मनीष के ऑलराउंड प्रदर्शन से जीती द राजस्थान क्रिकेट अकादमी

जयपुर, 17 जून। 16 समर कप में द राजस्थान क्रिकेट अकादमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 39.4 ओवर में 270 रन 10 विकेट के नुकसान पर बनाएं! मनीष ने 62, रवि कश्यप ने 55 और अमान ने 46 रनों का योगदान दिया! शास्त्री क्रिकेट अकादमी की ओर से मोहित कुमार, आसिफ पठान, अमित मीणा और अर्णव ने 2–2 विकेट लिए! लक्ष्य का पीछा करने उतरी शास्त्री क्रिकेट अकादमी 13 ओवर मैं मात्र 25 रन पर ही ऑल आउट हो गई! द राजस्थान क्रिकेट अकादमी की ओर से मनीष ने 6 और राहुल मीणा ने 3 विकेट लिए! मैन ऑफ द मैच मनीष को चुना गया!

## राजस्थान स्टेट रेफरीज क्लिनिक का शुभारंभ

जयपुर, 17 जून। राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के तत्वावधान में उदयपुर जिला हैंडबॉल एसोसिएशन की मेजबानी में पांच दिवसीय राज्य स्तरीय रेफ़रीज़ क्लिनिक का आज भव्य शुभारंभ हुआ। 21 जून तक चलने वाले इस आवासीय क्लिनिक में प्रदेशभर से कुल 97 रेफ़री प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं, जिनमें 16 महिला एवं 81 पुरुष रेफ़री शामिल हैं। क्लिनिक का उद्घाटन समारोह सीपीएस स्कूल परिसर में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उदयपुर जिला हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष वीरमदेव सिंह कृष्णावत ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविरों से रेफ़रियों को नवीनतम अंतर्राष्ट्रीय नियमों, मैच संचालन की तकनीकों एवं आधुनिक तकनीकी सहायता प्रणाली से अवगत कराया जाता है, जिससे खेलों का स्तर ऊंचा उठता है।

## भारत ने नीदरलैंड को 95 रनों से हराया

नई दिल्ली, 17 जून। महिला टी–20 विश्व कप 2026 के अपने दूसरे मुकाबले में भारतीय टीम ने नीदरलैंड को 95 रनों से हरा दिया है। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए भारतीय टीम ने 209 रन बनाए थे और 210 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में नीदरलैंड की टीम 17.3 ओवर में 114 रनों पर ही सिमट गई। टॉस गंवाकर बैटिंग करने उतरी भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 209 रन जुटाए। भारत ने महिला टी20 वर्ल्ड कप में पहली बार 200 का आंकड़ा छुआ है। स्मृति मंधाना (74) और शेफाली वर्मा (55) ने शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। दोनों ने 115 रनों की साझेदारी कर भारत को दमदार शुरुआत दिलाई। जेमिमा रोड्रिग्स ने 19 और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 12 रनों का योगदान दिया। विकेटकीपर ऋचा घोष 20 और दीप्ति शर्मा 10 रन बनाकर नाबाद रहीं। नीदरलैंड के लिए कैरोलीन डे लांगे ने दो जबकि मायर्थे वैन डेन राड, हीदर सीगर्स और आइरिस ज्विलिंग ने एक–एक विकेट हासिल किया।

# मुख्यमंत्री ने उदयपुर में शहरी सेवा शिविर में पट्टे, प्रमाण पत्र, चैक वितरित किए

## उन्होंने शिविर में उपस्थित लाभार्थियों से संवाद कर सरकार की योजनाओं का फीडबैक लिया

उदयपुर/जयपुर, 17 जून। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को उदयपुर में शहरी सेवा शिविर का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने उदयपुर विकास प्राधिकरण परिसर में आयोजित शिविर में उपस्थित लाभार्थियों से संवाद कर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं शिविर के संबंध में फीडबैक लिया।

- **मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आमजन से अपील की कि वे जरुरतमंद लोगों को शिविर में पहुँचाने में सहयोग करें, ताकि पात्र व्यक्ति को योजनाओं और सेवाओं का लाभ मिलना सुनिश्चित हो।**



*मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को उदयपुर में शहरी सेवा शिविर का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को सहायत प्रदान की।*

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सरकारी सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। इसी उद्देश्य से प्रदेशभर में शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है, ताकि आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित हो।

उन्होंने कहा कि आवश्यक जांच अथवा प्रक्रिया के कारण, अतिरिक्त समय की जरुरत वाले प्रकरणों के निस्तारण के लिए फॉलोअप शिविर भी आयोजित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने आमजन से आव्हान किया कि वे अपने आसपास के जरूरतमंद लोगों को शिविरों तक पहुंचाने में सहयोग करें, ताकि पात्र व्यक्ति योजनाओं और सेवाओं का लाभ ले सकें।

मुख्यमंत्री ने शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई स्टॉल्स का अवलोकन किया। उन्होंने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को पट्टे, प्रमाण पत्र, भवन निर्माण स्वीकृति एवं सहायता राशि के चेक तथा दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण भी प्रदान किए।

इस अवसर पर जनजाति क्षेत्रीय विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, विधायक ताराचंद जैन, फूल सिंह मीणा, उदयलाल डांगी, श्रीचंद कृपलानी सहित, अन्य जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण एवं आमजन उपस्थित थे।

## यूपी में गैर ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

समुदायों पर केन्द्रित है, जो कई क्षेत्रों में निर्णायक भूमिका निभाते हैं- कुर्मी: 5.0 प्रतिशत, कुशवाहा: 4.6 प्रतिशत, राजभर: 4.0 प्रतिशत, प्रजापति: 3.9 प्रतिशत, पाल: 3.7 प्रतिशत, निषाद 10.25 प्रतिशत, विश्वकर्मा (लोहार): 3.3 प्रतिशत, चौहान: 2.2 प्रतिशत, बिंद: 1.9 प्रतिशत, अरकवंशी: 1.9 प्रतिशत,

2027 की लड़ाई कुछ खास क्षेत्रों में लड़ी जाएगी, जहां ये समुदाय निर्णायक प्रभाव रखते हैं: 1. पूर्वांचल: इसके मुख्य रणभूमि रहने की संभावना है। यहां राजभर, निषाद, कुशवाहा और मौर्य समुदायों की बड़ी आबादी है, जो चुनावी जीत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। 2. मध्य यूपी और अवध: लखनऊ, सीतापुर, हरदोई और उन्नाव जैसे जिलों में मौर्य और शाक्य समुदाय प्रभावशाली हैं। यहां समाजवादी पार्टी भाजपा के पारंपरिक वोट बैंक में सेंध लगाने की कोशिश करेगी। 3. पश्चिमी यूपी: गुर्जर, कश्यप और सैनी समुदायों के समर्थन के लिए मुकाबला तेज हो रहा है, खासकर किसानों से जुड़े सामाजिक-राजनीतिक आंदोलनों के कारण बदलती स्थानीय परिस्थितियों के चलते। 4. बुंदेलखंड: यहां लोधी समुदाय और अन्य स्थानीय ओबीसी समूह राजनीतिक शक्ति का महत्वपूर्ण आधार बने हुए हैं।

## निर्धारित ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

हरिद्वार में कुंभ 14 जनवरी 2027 से 20 अप्रैल 2027 तक कुंभ मेला आयोजित होगा। इसी कारण यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि चुनाव इस साल के अंत तक हो सकते हैं।

लेकिन सूत्रों के अनुसार, विधानसभा चुनाव मूल समय-सारणी के अनुसार ही कराए जाएंगे।

पांच राज्यों की विधानसभाओं का कार्यकाल मार्च से मई के बीच समाप्त होगा। मणिपुर का कार्यकाल 13 मार्च, गोवा का 14 मार्च, पंजाब का 16 मार्च, उत्तर प्रदेश का 22 मई और उत्तराखंड का 28 मई को समाप्त होगा।

सूत्रों ने कहा कि चुनाव कार्यक्रम इस तरह तैयार किया जा सकता है कि उत्तराखंड में मतदान सबसे अंत में हो, ताकि कुंभ की व्यवस्थाओं में कोई बाधा न आए।

## 'शांति समझौते का मसौदा पसंद नहीं ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

फिर से पूरी तरह खुल जाएगा, लेकिन शिपिंग कंपनियाँ अभी भी सतर्क हैं और युद्धविराम की स्थिरता देखने के बाद ही, सामान्य संचालन शुरू करना चाहती हैं।

इस बीच, समझौते को लेकर होने वाली संभावित आलोचना से ध्यान हटाने के लिए ट्रंप ने पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा पर 2015 के परमाणु समझौते के दौरान ईरान को "रिश्वत" देने का आरोप लगाया। उन्होंने दावा किया कि ओबामा प्रशासन ने तेहरान को 1.7 अरब डॉलर नकद भेजे थे। ट्रम्प को डील की आलोचना की आशंका इसलिए है, क्योंकि इसमें कमोबेश वही बिन्दु हैं, जिन पर तेहरान, फरवरी में उस पर हुए यूएस-इज़रायल हमले से पहले, सहमत था।

फ्रांस में जी-7 सम्मेलन में बोले हुये, ट्रंप ने कहा कि उन्होंने वर्तमान वार्ताओं में ऐसा कोई कदम नहीं उठाया है और उन्होंने ईरान के साथ संबंधों को संभालने के तरीके को लेकर ओबामा की आलोचना की। ट्रंप ने 2015 के ईरान परमाणु समझौते की आलोचना की तथा समझौते की हैन्डलिंग को लेकर ओबामा पर प्रहार किया। उन्होंने कहा कि वार्ता के दौरान ईरानी ओबामा का मजाक उड़ाते थे। ट्रंप के अनुसार, ईरानी उन्हें "बहुत मूर्ख व्यक्ति" कहते थे।

उधर, संयुक्त राष्ट्र में इज़रायल के राजदूत डैनी डैनन ने अस्तित्व में आ रहे अमेरिका-ईरान समझौते की आलोचना करते हुए, इसे इज़रायल, अमेरिका और खाड़ी देशों के लिए "बहुत खराब" बताया। चैनल 14 से बातचीत में उन्होंने कहा कि समझौ के इस फ्रेमवर्क से ईरान की स्थिति मजबूत हो सकती है, क्योंकि वॉशिंगटन बातचीत को जल्दी समाप्त करना चाहता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अभी कोई अंतिम समझौता नहीं हुआ है और यह केवल आगे की वार्ताओं के लिए एक रूपरेखा भर है।

## बैन के खिलाफ ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

कहा, लेकिन उन्होंने नहीं किया। टेलीग्राम के एक चैनल को जब बंद किया जाता है तो दूसरा चैनल शुरु हो जाता है। क्यूआर कोड जारी होता है और उस पर भुगतान होता है।

# शंकाओं के बावजूद सफल रहा कोटा में राहुल गांधी का स्टूडेंट संवाद अभियान

## यह आशंका व्यक्त की जा रही थी कि नीट की पुनः परीक्षा के कारण अधिक संख्या में स्टूडेंट नहीं आ पायेंगे

कोटा, 17 जून (निसं)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कोटा के दशहरा मैदान श्री राम रंगमंच से पेपर लीक मामले में छात्रों से संवाद अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान में उनका पहला संवाद कार्यक्रम कोटा में आयोजित किया गया।

ज्ञातव्य है कि कोटा मेडिकल और इंजीनियरिंग की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी का कोचिंग हब है और देश की संसद के स्पीकर ओम बिड़ला कोटा से ही सांसद हैं। राहुल गांधी के इस अभियान की घोषणा के साथ ही ज्यादातर लोगों के मन में यह शंका थी कि कोटा में उनका अभियान शायद उतना सफल न रहे, जितनी अपेक्षा की जा रही है। इसके पीछे कारण माना जा रहा था कि 21 जून को नीट का री-एग्ज़ाम है तो ज्यादातर स्टूडेंट इस कार्यक्रम से दूरी बनाए रखेंगे। एक शंका यह भी थी कि लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला के कारण कोटा के बड़े कोचिंग इंस्टिट्यूट राहुल गांधी के इस आयोजन से दूरी बनाकर रखेंगे। पर कार्यक्रम स्थल पर इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करने वाले स्टूडेंट पर्याप्त संख्या में नजर आए। छात्रों में पेपर लीक को लेकर भारी रोष नज़र आया।

- **एक आशंका यह भी थी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के साथ निकट संबंध के कारण बड़े कोचिंग सैंटर इस आयोजन से दूरी रखेंगे।**
- **पर आयोजकों की मेहनत तथा राहुल गांधी की टीम की सक्रियता के कारण छात्रों, युवाओं ने उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया।**



*कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने कोटा के दशहरा मैदान से पेपर लीक मामले में छात्रों से संवाद अभियान की शुरुआत की है।*

निर्धारित समय शाम 8 बजे राहुल गांधी कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे और उन्होंने मंच पर छात्रों से संवाद शुरू किया। राहुल गांधी ने एक छात्र से पूछा कि नीट और जेईई की तैयारी में आपका कितना पैसा खर्च हो जाता है। इस पर स्टूडेंट्स ने बताया कि 1 साल में करीब 4 लाख रुपए खर्च होता है, जिसके लिए हमारे परिवार को लोन तक लेना पड़ा है। राहुल गांधी ने कहा कि भारतीय शिक्षा व्यवस्था सलेक्शन की नहीं, रिजेक्शन की व्यवस्था है। एजुकेशन सिस्टम पैसा कमाने का जरिया बन चुका है।


## पाक ने भारतीय विमानों पर हवाई प्रतिबंध बढ़ाया

कराची, 17 जून। पाकिस्तान ने भारतीय पंजीकृत विमानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र पर लगाए गए प्रतिबंध को 24 जुलाई तक बढ़ा दिया है। पाकिस्तान एयरपोर्ट्स अथॉरिटी (पीएए) ने मंगलवार को जारी नोटिस टू एयरमेन (नोटम) के माध्यम से इसकी जानकारी दी। जारी सलाह के अनुसार, भारतीय नागरिक और सैन्य विमानों के लिए पाकिस्तानी हवाई क्षेत्र का उपयोग प्रतिबंधित रहेगा। नया प्रतिबंध 16 जून की शाम से प्रभावी होकर 24 जुलाई की सुबह तक लागू रहेगा।

## तृणमूल ...

( प्रथम पृष्ठ का शेष )

गलियारों में यह चर्चा भी तेज हो गई है कि आने वाले दिनों में समाजवादी पार्टी में भी इसी तरह की टूट हो सकती है। एनडीए के सहयोगी और नेता ओम प्रकाश राजभर ने दावा किया है कि समाजवादी पार्टी में बड़ा विभाजन निकट है और कई सांसद तथा विधायक भाजपा में शामिल होने के लिए तैयार हैं।



**राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा राष्ट्रदूत प्रेस, जी1/63 इंडस्ट्रीयल एरिया फेस प्रथम, जालौर, (राज.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-**राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. **RAJHIN/2006/17286 जयपुर कार्यालय:** सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, **कोटा कार्यालय :** पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, **बीकानेर कार्यालय :** कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, **उदयपुर कार्यालय:** आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, **अजमेर कार्यालय:** राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 **जालोर कार्यालय :-** जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 **हिण्डौनसिटी कार्यालय :-** जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 **चूरू कार्यालय :** एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908